दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित





नई दिल्ली।। शुक्रवार 19 जुलाई -2024 | वर्ष : 8 अंक : 280 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




# यूपी के गोंडा में बड़ा रेल हादसा, पटरी से उतरी चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस, 4 की मौत, 20 घायल

**लखनऊ।** यूपी के गोंडा में गुरुवार दोपहर बड़ा रेल हादसा हो गया। यहां गोरखपुर होते हुए चंडीगढ़ से असम जा रही डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के 6 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में 4 यात्रियों की मौत हो गई जबकि कई लोगों के घायल होने की जानकारी है। घटना गोरखपुर रेल खंड के मोतीगंज बॉर्डर की है। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के तमाम उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रेलवे ने हादसे को लेकर हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए हैं। हादसे की वजह से इस रूट से गुजरने वाली 11 ट्रेनें डायवर्ट कर दी गई हैं और दो ट्रेन कैंसिल कर दी गई है।



रेलवे अधिकारियों के अलावा पुलिस प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची है। मेडिकल टीम को भी बुलाया गया है और डिब्बों में फंसे यात्रियों को निकालने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। हादसे के बाद रूट पर आने वाली ट्रेनें बाधित हो गई है। जो ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हुई है, उसका नंबर 15904 है। एक यात्री ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 2:30 बजे हुआ। चंडीगढ़ से ट्रेन चली थी और गोंडा से करीब 20 किलोमीटर आगे ये हादसा हुआ। दो बोगियां पूरी तरह पटरी से उतर गईं। वहीं पटरियां भी उखड़ गई। लोग बड़ी मुश्किल से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन से बाहर निकले।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी रेल हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए दिए गए हैं। सीएम के निर्देश पर आसपास के जिलों के सभी अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

### सीएम योगी ने दुख व्यक्त किया



रेल हादसे को लेकर सीएम योगी ने दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, ₹जनपद गोंडा में हुई ट्रेन दुर्घटना अत्यंत दु:खद है। जिला प्रशासन के अधिकारियों को युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने और घायलों को शीर्ष प्राथमिकता के साथ अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के लिए निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रार्थना है।

एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची है और रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। वहीं यूपी सरकार और असम सरकार आपस में सपर्क में हैं।

# नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक आज भाजपा ने चार पार्षदों के नाम किए घोषित

## नरेश भाटी, अमित मुद्गल, पूनम सिंह और नीरज गोयल का नाम हुआ तय






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम कार्यकारिणी के लिए जिन 6 चेहरों को चुना जाना था, उसमें से गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी ने अपने चार नाम की घोषणा कर दी है। भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया है कि निगम कार्यकारिणी के लिए चार पार्षदों को चुना गया है। उसमें वसुंधरा के पार्षद नरेश भाटी, शास्त्री नगर से पार्षद अमित मुद्गल, विजयनगर से पार्षद पूनम सिंह और तुरब नगर क्षेत्र के पार्षद नीरज गोयल को चुना गया है।

उधर अभी नगर निगम कार्यकारिणी के लिए दो सदस्यों का नाम और तय होना है। अब शुक्रवार को नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में देखना होगा कि कार्यकारिणी के अन्य दो सदस्यों के लिए चुनाव होता है या यह भी सहमति से चुन लिए जाते हैं। उधर नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को सुबह 11 से नगर निगम मुख्यालय के सभागार में होनी है। वहीं नगर निगम के सूत्रों से दैनिक करंट क्राइम को जानकारी मिली है कि अभी यह फाइनल नहीं हुआ है कि चुनाव होगा या बिना चुनाव के ही अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के नाम भी फाइनल कर लिए जाएंगे।

### भाजपा के सभी नाम आम सहमति से हुए पास

करंट क्राइम : नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव के लिए जिन चार नामों की घोषणा की गई है, उसमें नरेश भाटी जो की वसुंधरा क्षेत्र से पार्षद हैं। बताया जा रहा है कि वह कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के करीबी माने जाते हैं। इसीलिए उनका नाम फाइनल हुआ है। वहीं नीरज गोयल पार्षद तुराब नगर को महापौर खेमे का माना जाता है और उनके नाम पर महापौर की सहमति मानी जा रही है। उधर पूनम सिंह पार्षद विजयनगर का नाम सांसद अतुल गर्ग और संगठन की पसंद पर तय किया बताया जा रहा है। तो वहीं विधायक मुरादनगर अजीत पाल त्यागी की सहमति के बाद पार्षद शास्त्री नगर अमित मुद्गल को निगम कार्यकारिणी के लिए भेजा गया है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि इन चारों नाम को फाइनल करने में संगठन, सांसद और विधायक सभी की सहमति थी। साथ ही महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और महापौर सुनीता दयाल की राय के आधार पर चारों नाम तय किए गए हैं।

### देर रात तक कांग्रेस नहीं कर पाई नाम फाइनल

करंट क्राइम : नगर निगम कार्यकारिणी के लिए गठबंधन की ओर से कांग्रेस और सपा ने भी कार्यकारिणी के लिए नाम को लेकर चर्चा की। उधर जानकारी मिली है कि सपा की ओर से पार्षद फहीमा का नाम सामने आया है। तो कांग्रेस पार्टी की ओर से देर रात तक पार्षद का नाम फाइनल करने के लिए मंथन चलता रहा। महानगर अध्यक्ष कांग्रेस विजय चौधरी ने बताया कि कई लोगों से बातचीत और कार्यकारिणी के लिए प्लानिंग की जा रही है।

# बार एसोसिएशन गाजियाबाद का चुनाव आज

### अध्यक्ष पद पर चार और सचिव के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में


**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद का शुक्रवार को चुनाव होगा। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार और सचिव पद के लिए तीन चेहरे मैदान में हैं। इसके साथ ही लगभग 30 से अधिक अलग-अलग पदों के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव अधिकारी मृदुला राय त्यागी ने बताया है कि मतदान के लिए सभी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। वहीं एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि बार चुनाव के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि शांति व्यवस्था के बीच मतदान कराया जा सके।



**अध्यक्ष :** बालचंद बंसल, सूरजपाल सिंह सिसौदिया, दीपक शर्मा और योगेंद्र कौशिक ।
**सचिव :** अमित नेहरा, वरुण त्यागी और हरेंद्र गौतम।
**सह-सचिव प्रशासन :** मोनिका सिंह, अतुल अग्रवाल और सुनील कुमार। सह-सचिव पुस्तकालय : राजेंद्र कुमार गौतम और कमल किशोर।
**वरिष्ठ उपाध्यक्ष :** संजीव कुमार उपाध्याय, अभय कुमार हजेला, आदेश कुमार गर्ग, डॉ शबनम खान, श्रीमती पंकज श्रीवास्तव, अशोक कुमार त्यागी और विनोद कुमार शर्मा।
**कोषाध्यक्ष :** जोगिंदर कुमार शर्मा, संजय कुमार कश्यप, सचिन कुमार, खुशनुमा परवीन, संजीव कुमार और सचिन गुप्ता।
**कनिष्ठ उपाध्यक्ष :** अमित अधाना, यश शर्मा, आदेश कुमार, कपिल त्यागी मोरटा और मोनू कुमार सेठी।

# जब पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने अस्पताल के बैड से भी भाजपा की हैल्थ को लेकर चिंता व्यक्त की संगठन और सरकार की खामियों के साथ उठाया भाजपा सरकार में अफसरशाही का मामला

गाजियाबाद, करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी इन दिनों अस्पताल में उपचार ले रहे हैं। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी है। मगर श्री त्यागी का किरदार ऐसा है कि वह बीमार होने के बावजूद अपने शब्दों के सफर को जारी रखे हुए हैं। अपनी कलम के माध्यम से वो पहले भी भाजपा कार्यकर्ताओं की आवाज उठाते आये हैं। अब स्वास्थ्य लाभ लेने के साथ-साथ वो भाजपा के हैल्थ की भी चिंता कर रहे हैं। शारीरिक तकलीफ में भी उनकी कलम का सफर जारी है। हाल ही में जो उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को लेकर जो घटनाक्रम चल रहे हैं। उस पर बालेश्वर त्यागी ने अस्पताल से ही सोशल मीडिया पर ये लेख लिखकर अपनी चिंता प्रकट की है। एक जमीनी कार्यकर्ता कितनी पार्टी की चिंता करता है। अस्पताल से निकलकर आये उनके ये शब्द इस बात को बखूबी बयां कर रहे हैं।



*'सुना है प्रदेश में परिवर्तन के लिए मंथन चल रहा है। अभी तक ये पता नहीं चला कि परिवर्तन संगठन में ही हो रहा है या सरकार में भी हो रहा है। इतनी बड़े सैट बैक के बाद संगठन में परिवर्तन करना तो अनिवार्य हो गया लेकिन क्या इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है ? चुनाव एक तरह से सरकार की उपब्धियों को जनता कैसे देखती है ,इसका मानक चुनाव ही है।इस लोक सभा चुनाव के परिणामों ने सुशासन के दावे बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह तो लगा ही दिया है।*

*लेकिन परिवर्तन कैसा हो ,किस किस स्तर पर हो ? इन सारे सवालों से नेतृत्व दो चार हो ही रहा होगा।लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि परिवर्तन के बाद आएगा कौन ?? सम्भवतः 80 के दशक की बात है ,उन दिनों कांग्रेस का बोलबाला और कांग्रेस अपने मुख्य मंत्रियों को तास के पत्तों की तरह फेंटती रहती थी।हिंदुस्तान अखबार में एक कॉलम छपता था,सवाल पाठकों के और उत्तर सम्पादक के। राजस्थान में हरिदेव जोशी जी हटाये गए थे और उसके बाद बिहार में अब्दुल गफूर हटाये गए थे। इस पर एक पाठक ने पूछा था कि अगला किसका नम्बर है ? सम्पादक ने इस प्रश्न का उत्तर पद्य में दिया-*

***आया है ,सो जाएगा जोशी हों कि गफूर
कुर्सी खाली ना रह, बैठेंगे लंगूर !!***

*ये भाजपा है इसलिए लोग कांग्रेस स्टाइल में परिवर्तन की अपेक्षा नहीं करते। जिनको हटाया जा रहा है ,उंसके कुछ कारण होंगे ।इसलिए जो नया भेजा जाय उसमें उन कमियों को दूर करने की क्षमता तो शत प्रतिशत होनी ही चाहिए लेकिन जिन कमियों के कारण पहले वाले को हटाया गया है । नए अपने वाले में वह योग्यता उतनी मात्रा में न भी हो तो भी कम से कम 50% तो वह योग्यता भी होनी चाहिए नहीं तो सारे परिवर्तन व्यर्थ हो जाएंगे।*

*भाजपा ने मोदी जी की छवि का बड़ा दुरुपयोग किया है। जिस दिन मोदी जी ने घोषणा की थी कि - न खाउंगा न खाने दूंगा !!! सारे भारत में एक बड़े भरोसा जगा कि अब कोई जनता को लोग लूट के शिकार नहीं होंगे। ये भरोसा केवल मोदी जी के भाषण से नहीं बना है । मोदी जी ने पूरे जीवन तपस्या की है। इसे अपने जीवन से जीकर कर दिखाया है। तब ये भरोसा बना है। जनता मोदी जी के नेताओं से भी ऐसी ईमानदारी की अपेक्षा करती है। प्रदेश के नेताओं को भी जनता की इस कसौटी पर भी खरा उतरना होगा।'*

### पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के स्वास्थ्य में पूर्णतया सुधार

**आज अस्पताल से हो जायेगी छुट्टी और आ जायेंगे घर**

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी की तबियत खराब होने के बाद उन्हें उपचार के लिए यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों की टीम ने उनका उपचार किया। अब पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के स्वास्थ्य में सुधार है। वो आज अस्पताल से घर आ जायेंगे। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी को पेट में इंफैक्शन होने के बाद उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वो चार दिन तक यशोदा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती रहे। गुरूवार को उनकी हैल्थ रिपोर्ट आ गई। उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है और आज उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल जायेगी। फिलहाल चिकित्सको ने उन्हें कुछ दिन तक पूरी तरह आराम करने और स्वास्थ्य लाभ लेने की सलाह दी है।

# हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के खिलाफ पूरा विपक्ष है खामोश सत्ताधारी भाजपा में ही दिखाई दे रहा है सिर्फ आक्रोश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जो काम विपक्ष को करना है वो काम सत्तावालों को करना पड़ रहा है। सड़क पर विपक्ष को उतरना है और जनता की आवाज उठानी है। विपक्ष कम्फर्ट जोन में है और उसे इस बात से कोई मतलब नहीं है कि कर का बोझ जनता पर पड़ने जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ सत्ताधारी दल भाजपा के जन प्रतिनिधि जनता के पक्ष में सड़क पर आ रहे हैं। वो आवाज उठा रहे हैं और जिस विपक्ष को जनता के पक्ष में आना है वो न काहू से दोस्ती ना काहू से बैर वाले सीन में है। केवल एक दल की बात नहीं है बल्कि पूरा विपक्ष खामोश है। जिनकी सरकार है जिनका निजाम है वो भाजपा और उसके जनप्रतिनिधि आक्रोश में है। गौरतलब है कि निगम अधिकारियों ने हाऊस टैक्स का नया स्लैब तैयार किया है और हाऊस टैक्स में बढ़ोत्तरी की है। इस हाऊस टैक्स बढ़ोत्तरी का विरोध जनता कर रही है। इस हाऊस टैक्स बढ़ोत्तरी का विरोध व्यापारी कर रहे हैं। इस हाऊस टैक्स बढ़ोत्तरी का विरोध भाजपा के नेता कर रहे हैं भाजपा के जनप्रतिनिधि कर रहे हैं और जिस विपक्ष को जाना ही विरोध के लिए जाता है वो विपक्ष जनता के इस मुद्दे पर पूरी तरह से खामोश है। भाजपा विरोध कर रही है। बोर्ड बैठक में भाजपा के पार्षदों ने इस्तीफा देने की बात कर दी। विरोध की रणनीति को लेकर बैठक हो गई। जनप्रतिनिधियों से लेकर संगठन तक सब एक हो गये और गजब का सीन ये है कि विपक्ष खामोश है। सरकारी अफसरों के फैसले के खिलाफ सरकार के मंत्री आ गये, मेयर आ गये। संगठन के पदाधिकारी आ गये। लेकिन विपक्ष का कोई नेता एक शब्द भी इस मुद्दे पर नहीं बोला है। ऐसा लग रहा है कि या तो विपक्ष के नेताओं को बढ़े हुए हाऊस टैक्स से कोई सरोकार नहीं है।




### साईकिल वाले दल में नहीं है इस मामले को लेकर कोई सुगबुगाहट

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी ने ये प्लान तैयार किया था कि उसके नेता अपनी पार्टी के दफ्तर में बैठकर जनता की समस्यायें सुनेंगे। वो जनमुद्दों पर सरकार को घेरेंगे। लेकिन जब हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी हो गई है तब साईकिल वाले दल सपा में कोई सुगबुगाहट नहीं है। पार्षदों को कोई निर्देश नहीं है। संगठन स्तर पर विरोध का कोई कार्यक्रम नहीं है और सबसे बड़ी बात ये है कि किसी भी नेता का कोई बयान तक इस मुद्दे पर नहीं है।

### बसपा का हाथी नहीं है हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे पर जनता का साथी

करंट क्राइम। वैसे तो बसपा के नेता आमतौर पर प्रदर्शन, धरना या विरोध से दूर रहते हैं। जब हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर भाजपा के नेता तक मैदान में आ रहे हैं तब बसपा का हाथी हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे पर जनता के साथ नहीं है। उनके किसी नेता का कोई बयान नहीं है। ऐसा लग रहा है कि बसपा को निगम के किसी भी मुद्दे से कोई लेना देना नहीं है। उसके सारे नेता साईलेंट मोड में है।

### सांसद-कैबिनेट मंत्री-मेयर-महानगर अध्यक्ष ने कर दिया संघर्ष का ऐलान

करंट क्राइम। सबसे खास बात ये है कि विपक्ष खामोश है और भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी मुद्दे पर संघर्ष का ऐलान किया। महानगर कार्यालय पर एक बैठक हुई और इस बैठक में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मेयर सुनीता दयाल और मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी शामिल हुए। डीएम सर्किल रेट पर टैक्स बढ़ोत्तरी के विषय पर चर्चा हुई और सभी ने एक सुर में कहा कि कर बढ़ोत्तरी का पुरजोर विरोध किया जायेगा। इस बात का संकल्प लिया कि डीएम सर्किल रेट से टैक्स नहीं बढ़ने दिया जायेगा और आवश्यकता पड़ी तो जनप्रतिनिधि सदन की बैठक में टैक्स वृद्धि का विरोध करने के लिए सदन में भी अपनी आपत्ति दर्ज करायेंगे। मेयर सुनीता दयाल, सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल त्यागी, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने ठोस लहजे में बात रखते हुए कहा कि टैक्स बढ़ोत्तरी ना हो इसके लिए वो पूर्ण संघर्षरत रहेंगे।

### कांग्रेस का हाथ नहीं है हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर पब्लिक के साथ

करंट क्राइम। वैसे तो कांग्रेस के तीन पार्षद हैं और ये तीनों ही पार्षद हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर खामोश हैं। कांग्रेस के जो पार्षद एक भाजपा के पार्षद की गिरफ्तारी पर पार्षद एकता की दुहाई देते हुए मैदान में आ गये थे वो पार्षद हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी होने पर विरोध में नहीं है। कांग्रेस का संगठन अन्य मुद्दों पर धरने प्रदर्शन कर रहा है लेकिन हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को वो कोई मुद्दा नहीं मान रहा है। जिस कर बढ़ोत्तरी का विरोध पूरे शहर की जेब पर पड़ना है उस मुद्दे पर कांग्रेस का हाथ पब्लिक के साथ नहीं है।

### पूर्व भाजपा पार्षदों ने बताया एक्ट और कहा नहीं बढ़ाया जा सकता हाउस टैक्स




करंट क्राइम। हाऊस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर भले ही विपक्ष के पूर्व विधायक खामोश हैं। विपक्ष के पार्षद खामोश हैं लेकिन भाजपा के ना तो मौजूदा विधायक, मेयर, मंत्री, सांसद खामोश हैं और उसके सीनियर पूर्व पार्षद भी हाऊस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में मैदान में आ गये। नगर निगम में पांच बार पार्षद रह चुके पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य राजेन्द्र त्यागी ने एक पत्र लिखा। भाजपा के ही पूर्व पार्षद तथा पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल ने पत्र लिखा। इन दोनों पार्षदों ने एक्ट का हवाला दिया और कहा कि एक अप्रैल से नगर आयुक्त के आदेश पर लागू सम्पत्ति करों की दरें वैद्य नहीं है, क्योंकि वृद्धि किये जाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम बोर्ड तथा कार्यकारिणी की कोई स्वीकृति नही ली गई है। नगर निगम की 2023 की उस बैठक का हवाला दिया गया जिसमें वर्तमान दरों में दस प्रतिशत की वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव पास किया गया था। इसे 1 अप्रैल से लागू किया गया था और ये 31 मार्च 2025 तक प्रभावी है। इस दौरान किसी भी तरह की कोई बढ़ोत्तरी पुराने करदाताओं पर अथवा नए करदाताओं पर नहीं की जा सकती। दोनों पूर्व पार्षदों ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा , लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप और विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल से यह अपेक्षा की कि वो नगर निगम की आज होने वाली बैठक में मौजूद रहेंगे तो इस अनावश्यक बोझ को रोका जा सकता है। ये सभी जनप्रतिनिधि नगर निगम सदन के पदेन सदस्य हैं। पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी और पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल का यही कहना है कि गाजियाबाद का करदाता हमसे सवाल पूछ रहा है। सरकार हमारी है , निगम में बहुमत हमारा है और ऐसी दशा में हम मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते।

# विधानसभा चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारने का ऐलान




**चंडीगढ़।** हरियाणा में अक्तूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। लोकसभा चुनाव आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने एक साथ मिलकर लड़ा था। आप को 10 में से एक सीट मिली थी हालांकि पार्टी वो सीट जीत नहीं सकी थी। अब विधानसभा चुनाव में आप और कांग्रेस आमने सामने होंगी। आम आदमी पार्टी हरियाणा में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। पार्टी प्रदेश में सभी 90 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने चंडीगढ़ में ये एलान किया।

चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता में मान ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी एक महत्वपूर्ण पार्टी बन चुकी है। आप आज एक राष्ट्रीय पार्टी है। जब हमने गुजरात में 14 प्रतिशत वोट हासिल किए तब से हम आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय पार्टी बने। हमारी 2 राज्यों में सरकार है। गुजरात और गोवा में हमारे विधायक हैं। अब हरियाणा में विधानसभा चुनाव आ रहे हैं। जिसे हम पूरी शक्ति से लड़ेंगे।

### पीएम पर भड़के सांसद संजय सिंह

वहीं आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि पिछले 10 साल से भाजपा की डबल इंजन की सरकार है। 10 साल में इस सरकार ने हरियाणा को क्या दिया। हरियाणा फिरौती का गढ़ बन गया है। सड़कों पर लाठियां चल रही है। किसानों को रौंदा गया। हरियाणा में बहुत से घर शहीदों के मिल जाएंगे और आप अग्निवीर लेकर आ रहे हो। चार साल की ठेके की नौकरी दे रहे हो। अग्निवीर योजना वापस होनी चाहिए। किसानों और बेरोजगारी का बहुत बड़ा मुद्दा है। अपराध बढ़ता जा रहा है। आज हरियाणा को आम आदमी पार्टी की जरूरत है। हमने दिल्ली और पंजाब में काम करके दिखाया। बिना भ्रष्टाचार के नौकरियां दी। कहीं कोई पेपर लीक नहीं हुआ। शिक्षा व्यवस्था बेहतर की। पार्टी ने 'हरियाणा में बदलेंगे हाल अब लाएंगे केजरीवाल' का नारा दिया।

### पंजाब, दिल्ली से मिलती है हरियाणा की संस्कृति

मान ने कहा कि केजरीवाल भी हरियाणा से हैं। पंजाब, दिल्ली और हरियाणा की संस्कृति मिलती है। कुछ लोगों को दिल्ली के काम पता हैं। कुछ को पंजाब के काम पता हैं। मान ने कहा कि हमने अभी जालंधर उपचुनाव में शानदार जीत दर्ज की। पंजाब के मुख्यमंत्री के तौर पर मेरी जहां भी ड्यूटी लगेगी। हम वहां जाएंगे और टीम बनाकर लड़ेंगे।

### बूथ स्तर पर लड़ेंगे चुनाव

संदीप पाठक ने कहा कि अगर किसी को संदेह है कि आप हरियाणा में कैसे चुनाव लड़ेगी मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि आप हरियाणा जबरदस्त चुनाव लड़ेगी। बूथ स्तर पर लड़ेगी। हमें हर जगह से बदलाव की आवाज सुनाई देगी। कुरुक्षेत्र में हमने लोकसभा चुनाव लड़ा। हम सिर्फ 20 हजार वोट से हारे। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हम सभी 90 सीटों पर लड़ेंगे। एसवाईएल को लेकर कहा कि मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में है, इस बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकता।

# मेट्रो में शराब ले जाने पर राज्यों के आबकारी नियम होंगे लागू

## डीएमआरसी ने दी सचेत रहने की सलाह




**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के यात्रियों को सीलबंद शराब की दो बोतलें ले जाने की अनुमति दिए जाने के मामले में संबंधित राज्यों के आबकारी नियम लागू होंगे। दिल्ली मेट्रो राष्ट्रीय राजधानी के अलावा हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी चलती है। इसलिए इन राज्यों में आबकारी नियम अलग हैं। डीएमआरसी ने कहा कि यात्री अगर मेट्रो में सफर करके दिल्ली से बाहर जा रहे हैं, तो उन्हें आबकारी नियम के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। बीते वर्ष जून में मेट्रो ने प्रति व्यक्ति सीलबंद शराब की दो बोतलें ले जाने की अनुमति दी थी। इस पर दिल्ली सरकार ने आपत्ति जताई और बताया कि यह आबकारी नियमों के खिलाफ है। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने बताया कि दिल्ली सरकार ने जो आबकारी नीति के तहत नियम बनाए है, वह मेट्रो में लागू होंगे। नियम के अनुसार, रम, वोदका और व्हिस्की जैसी शराब की केवल एक सीलबंद बोतल एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाई जा सकती है। दिल्ली मेट्रो अन्य राज्यों के शहरों में भी जाती है और यात्री को दो सीलबंद बोतलें ले जाने की अनुमति देना आबकारी अधिनियम का उल्लंघन होगा। अब यदि कोई यात्री दिल्ली, यूपी और हरियाणा में मेट्रो से सफर कर रहा हैं, तो इन शहरों में इनके राज्यों के ही आबकारी नियम लागू होंगे।

# जम्मू में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, पुलिस से हुई धक्का-मुक्की, कई नेता हिरासत में



**जम्मू।** आतंकवाद के बढ़ती घटनाओं और उपराज्यपाल को और अधिक अधिकार दिए जाने के विरोध में गुरुवार को जम्मू में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। जम्मू में गुरुवार को कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान राजभवन की ओर बढ़ते हुए पुलिस के साथ प्रदर्शनकारियों की धक्का-मुक्की भी हुई। बताया जा रहा है कि पुलिस ने कुछ कांग्रेस के नेताओं को हिरासत में भी लिया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से पहले बढ़ रहे आतंकवादी हमले के खिलाफ कांग्रेस ने आज प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि भाजपा के आतंकवाद को खत्म करने के दावे बिल्कुल खोखले हैं। दो महीनों में दस से अधिक आतंकी वारदातें हो चुकी हैं, जिसमें आम लोगों के साथ सैनिकों ने भी अपने जान गंवाई हैं। भाजपा बैठक के बाद बैठक कर रही है, लेकिन सफलता कुछ नहीं मिल रही है।

साथ ही उन्होंने उपराज्यपाल को और अधिक अधिकार दिए जाने का विरोध किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा को विधानसभा चुनाव में अपनी हार साफ नजर आ रही है। इसलिए चुनाव होने से पहले ही उपराज्यपाल को अतिरिक्त शक्तियां दे दी गईं। जम्मू-कश्मीर मामलों के कांग्रेस प्रभारी भरत सिंह सोलंकी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकार रसूल वानी और कई अन्य पूर्व मंत्रियों और पूर्व विधायकों के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता रेजीडेंसी रोड स्थित पार्टी मुख्यालय से बाहर आए और राजभवन की ओर मार्च करना शुरू किया। हालांकि, बड़ी संख्या में तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी बैरिकेड पार कर करीब एक किलोमीटर तक चले गए, जिसके बाद उनके नेताओं को हिरासत में ले लिया गया और पुलिस वाहनों में ले जाया गया। सोलंकी ने कहा, भाजपा के सभी बड़े दावे, विशेष रूप से 2019 के बाद के विकास, शांतिपूर्ण जम्मू क्षेत्र में बढ़ती आतंकी घटनाओं के सामने धराशायी हो गए हैं। उपराज्यपाल को सभी शक्तियां देने का मतलब है कि जनता की सरकार चुने जाने के बाध बी दिल्ली से जम्मू-कश्मीर पर शासन राज कायम रहे, जो लोकतंत्र के खिलाफ है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष वानी ने भी भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के पांच साल बीत चुके हैं, लेकिन आतंकवाद का कोई अंत नहीं हुआ है जो पूरे केंद्र शासित प्रदेश में नए क्षेत्रों में तेजी से फैल रहा है।

# सीएम विष्णुदेव साय ने नितिन गडकरी से की मुलाकात

## छत्तीसगढ़ में बिछेगा हाईवे का जाल



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके आवास पर मुलाकात की। बैठक में राज्य में चल रही सड़क परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर चर्चा हुई। अयोध्या तक सीधी कनेक्टिविटी पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने राज्य में सड़क परिवहन को और सुविधाजनक बनाने के लिए नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा, जिस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, राहुल भगत, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी और केंद्र सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे।

उन्होंने रायगढ़-धरमजयगढ़-मैनपाट-अंबिकापुर-उत्तर प्रदेश सीमा तक कुल 282 किमी तक के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है। साय ने बताया यह मार्ग प्रदेश के चार जिलों से होकर गुजरता है एवं धार्मिक नगरी अयोध्या से छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। उन्होंने कवर्धा-राजनांदगांव-भानुप्रतापपुर-अंतागढ़-नारायणपुर-गीदम-दंतेवाड़ा-सुकमा मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया। सीएम ने बताया यह कुल 482 किमी लंबी सड़क राज्य के कुल छह राष्ट्रीय राजमार्गों एवं पांच जिला मुख्यालयों को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण मार्ग है। इसके निर्माण से बस्तर का नक्सल प्रभावित क्षेत्र मुख्यमार्ग से जुड़ेगा एवं नक्सली गतिविधियों में कमी आएगी। सीएम साय ने कहा कि रायपुर शहर से तीन राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं। उन्होंने एनएच 130बी से एनएच 53 को जोड़ने वाले मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा यह मार्ग एनएच घोषित होने से रायपुर शहर का रिंग रोड पूर्ण रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग हो जाएगा।

इसके अलावा उन्होंने रतनपुर-लोरमी-मुंगेली-नांदघाट-भाटापारा-बलौदाबाजार मार्ग, केंवची-पेंड्रारोड-पसान-कटघोरा मार्ग, मुंगेली-नवागढ़-बेमेतरा-धमधा-दुर्ग-झलमला मार्ग, राजनांदगाँव-मोहला-मानपुर मार्ग, पंडरिया-बजाग-गाड़ासरई मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री ने रखा है। मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 में कटघोरा से अंबिकापुर तक फोर लेन चौड़ीकरण करने तथा एनएच क्रमांक 53 पर टाटीबंध से तेलीबांधा तक सुरक्षित यातायात की दृष्टि से सरोना चौक, उद्योग भवन, और तेलीबांधा चौक पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण की आवश्यकता बताई है।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़, 2 आतंकवादी ढेर



जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास गुरुवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी कश्मीर जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास गोलीबारी हुई। गोलीबारी का आदान-प्रदान जारी है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। इससे पहले दिन में जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना का एक जवान घायल हो गया था। मुठभेड़ रात करीब 2 बजे कस्तीगढ़ इलाके के जद्दन बाटा गांव में शुरू हुई।

यह डोडा जिले में आतंकवादियों के खिलाफ लड़ते हुए एक अधिकारी सहित चार सैन्यकर्मियों के शहीद होने के बाद आया है। कैप्टन ब्रिजेश थापा, नायक डी. राजेश, सिपाही बिजेंद्र और सिपाही अजय ने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इसके तुरंत बाद, सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में आतंकी नेटवर्क के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू कर दी। 16 जुलाई के हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक छाया समूह कश्मीर टाइगर्स ने ली थी। पिछले कुछ हफ्तों में जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमलों में हालिया वृद्धि के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। 14 जुलाई को भारतीय सेना ने कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए। 6 जुलाई को कुलगाम जिले में दो मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों ने छह आतंकवादियों को मार गिराया था, मुठभेड़ के दौरान दो सैनिकों की भी जान चली गई थी। हाल ही में 26 जून को डोडा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए थे। यह टकराव तब हुआ जब सेना ने चार आतंकवादियों वाले एक ठिकाने को घेर लिया, जिसमें तीन की मौत हो गई।

# तेजी से होगा राजस्व संबंधी मामलों का निपटारा : सीएम मोहन यादव



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का कहना है कि इस अभियान से उन पात्र परिवारों को भी योजनाओं का लाभ मिलेगा, जो राजस्व त्रुटि के कारण लाभ से वंचित हैं। सीएम मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से उन लोगों को लाभ होगा, जो राजस्व की त्रुटि के चलते योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

इस अभियान के जरिए राजस्व के रिकॉर्ड में सुधार किया जा रहा है। मेरी जानकारी में आया है कि किसान सम्मान निधि के बहुत सारे मामले लंबित रह गए हैं, समग्र आईडी सहित अन्य त्रुटि के कारण बहुत से नाम छूटे हुए हैं। ऐसे लोगों के नाम इस अभियान के जरिए जोड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान- 2.0 संचालित किया जा रहा है। किसानों और आमजन की सहूलियत के लिए पटवारी और मैदानी अमला मुख्यालय पर मौजूद रहेंगे और अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। अभियान के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी किया जाएगा। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने बताया कि 30 दिन में अविवादित नामांतरण प्रकरणों और 150 दिन में विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। बंटवारा प्रकरणों के निराकरण की समय सीमा 90 दिन है। सीमांकन प्रकरणों को 45 दिन में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नक्शे में तरमीम का कार्य सतत जारी रहेगा।

उन्होंने आगे कहा कि इस पूरे अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। राजस्व महा अभियान 2.0 में 30 जून 2024 की स्थिति में लंबित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती और सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य रखा गया है। इनमें नामांतरण के 75 हजार 964, बंटवारा के 9 हजार 897, अभिलेख दुरुस्ती के 9 हजार 889 और सीमांकन के 25 हजार 423 प्रकरण शामिल हैं। इसके साथ ही 30 जून 2024 की स्थिति में एक करोड़ 95 लाख 45 हजार नक्शे पर तरमीम के लंबित मामलों को भी दर्ज किया जाएगा।

# मुजफ्फरनगर में ढाबों पर नाम लिखने पर छिड़ी जुबानी जंग

## ओवैसी के बाद अखिलेश और जावेद अख्तर का तंज



**मुजफ्फरनगर।** कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार से आते समय दिल्ली-देहरादून हाईवे पर काफी होटल व ढाबे हैं। इनमें दूसरे समुदाय के ढाबे व होटल भी हैं। वहीं मुजफ्फरनगर के एसएसपी ने इन ढाबा संचालकों को नाम पट्टी अंकित करने के निर्देश दिए हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर के एसएसपी ने कांवड़ यात्रा वाले मार्ग पर स्थित ठेले वालों, ढाबों और होटलों पर प्रोपराइटर व संचालकों के नाम लिखने के आदेश दिए हैं। असदुद्दीन ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि उत्तर प्रदेश पुलिस के आदेश के अनुसार अब हर खाने वाली दुकान या ठेले के मालिक को अपना नाम बोर्ड पर लगाना होगा, ताकि कोई कांवड़िया गलती से मुसलमान की दुकान से कुछ न खरीद ले। इसे दक्षिण अफ्रीका में अपारथाइड कहा जाता था और हिटलर की जर्मनी में इसका नाम जुडेनबोयकोट था।

उन्होंने सोशल साइट एक्स पर कहा कि... और जिसका नाम गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते है, उसके नाम से क्या पता चलेगा? माननीय न्यायालय स्वतः संज्ञान ले और ऐसे प्रशासन के पीछे के शासन तक की मंशा की जांच करवाकर, उचित दंडात्मक कार्रवाई करे। ऐसे आदेश सामाजिक अपराध हैं, जो सौहार्द के शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ना चाहते हैं।

वहीं इस मामले को लेकर गीतकार जावेद अख्तर भी कूद गए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुजफ्फरनगर यूपी पुलिस ने निर्देश दिया है कि निकट भविष्य में एक विशेष धार्मिक कार्यक्रम के मार्ग पर सभी दुकानों, रेस्टॉरेंट्स और यहां तक कि वाहनों पर मालिक का नाम प्रमुखता से और स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिए। क्यों? नाजी जर्मनी में वे केवल विशेष दुकानों और घरों पर ही निशान बनाते थे।

### 240 किमी है कांवड़ यात्रा का मार्ग

जनपद की सीमा पुरकाजी के गांव भूराहेड़ी चेकपोस्ट से खतौली के भंगेला व बुढ़ाना, फुगाना, तितावी थानों की सीमा तक जिले में कांवड़ यात्रा का मार्ग 240 किमी है। हरिद्वार से आते समय हाईवे पर काफी होटल व ढाबे हैं। इनमें दूसरे समुदाय के लोगों के भी ढाबे व होटल हैं, जिन पर प्रोपराइटर व उनके संचालकों के नाम लिखे हुए नहीं थे। इससे वहां कांवड़ियों के रुकने की संभावना बन रही थी। इसी के चलते एसएसपी अभिषेक सिंह ने आदेश जारी किए है कि सभी होटल व ढाबों पर प्रोपराइटर व संचालकों के नाम अवश्य लिखे जाएं ताकि कोई भ्रम न बन सके।

### सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी एक्स पर की पोस्ट



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा जारी किए गए आदेश को सामाजिक अपराध बताया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट को ऐसे मामलों का स्वत: संज्ञान लेना चाहिए और जांच करवाकर दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ यात्रा को लेकर जारी किए गए फरमान में कहा है कि सभी दुकानदार दुकान के बाहर अपना नाम जरूर लिखें। अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसे आदेश सौहार्द के शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ना चाहते हैं।

### शुरू कराई गई कार्रवाई, पोस्टर भी कराए चस्पा

एसएसपी के आदेश पर नई मंडी, छपार व पुरकाजी, मंसूरपुर व खतौली आदि थानों की पुलिस ने कार्रवाई शुरू करा दी। शहर में भी मीनाक्षी चौक के पास फल बेचने वाले लोगों के ठेलों पर नाम वाले पोस्टर चस्पा करा दिए हैं।

### शिव चौक पर कंटीले तारों से की गई बेरिकेडिंग

कांवड़ यात्रा को देखते हुए पुलिस ने इस बार शिव चौक पर कंटीले तार लगाए हैं। सीओ व्योम बिंदल का कहना है कि एहतियात के तौर पर यह व्यवस्था की गई है। शहर में मुहर्रम के अधिकतर जुलूस शिव चौक से ही गुजरते हैं। पुलिस ने इस बार मुहर्रम के लिए यहां कंटीले तारों की बेरिकेडिंग लगा दी गई। बुधवार को यहां से बड़ा जुलूस भी गुजरा। ऐसे में पुलिस एहतियात बरतते हुए कांवड़ यात्रा के दौरान भी सतर्कता बरतने की बात कही है।

# जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर पीएम मोदी ने की अहम बैठक

## अमित शाह और राजनाथ सिंह हुए शामिल



**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों की बढ़ती संख्या पर सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। पीएम मोदी की सुरक्षा बैठक के बारे में अब तक कोई और जानकारी साझा नहीं की गई है। सुरक्षा बैठक जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी में दो सैनिकों के घायल होने के कुछ घंटों बाद हुई है, जहां सेना के जवान एक मेजर सहित चार कर्मियों की हत्या से जुड़े कुछ आतंकवादियों को मार गिराने के लिए मुठभेड़ में लगे हुए हैं। ऑपरेशन गुरुवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गया और मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि को देसा के जंगलों में दो स्थानों पर थोड़ी देर के लिए गोलीबारी भी हुई। इससे पहले दिन में, डोडा आतंकी हमले से जुड़े तलाशी अभियानों में सहायता के लिए एक स्कूल भवन के अंदर स्थापित एक अस्थायी सुरक्षा शिविर पर आतंकवादियों के एक समूह ने गोलीबारी की, जिसमें सेना के दो जवान घायल हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुरक्षाकर्मियों पर फायरिंग करने के बाद आतंकी घने जंगल में भाग गए। गोलीबारी कास्टीगढ़ क्षेत्र के जद्दन बाटा गांव में देर रात करीब दो बजे शुरू हुई।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश से मौसम हुआ सुहावना

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदला है। कई इलाकों में हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। मौसम विभाग ने गुरुवार को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया था। इससे पहले बुधवार को भी दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हुई थी। जिसके बाद उमस बढ़ गई थी। दिल्ली के महिपालपुर समेत कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई है। सड़कों पर बारिश का पानी भर गया। जिस वजह से वाहन रेंगते नजर आए। बुधवार को सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए रहे।

वहीं, दिन भर बादल व सूरज की लुकाछिपी का खेल चला। दोपहर में नई व पूर्वी दिल्ली में बूंदाबांदी दर्ज की गई। इसके बाद तेज धूप निकल आई। इससे उमस और बढ़ गई। मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रोहित कुमार पुत्र श्री महेश चंद निवासी मकान नंबर 61, कृष्णा नगर मेरठ रोड, गाजियाबाद । मैने अपनी पुत्री का नाम अलिशा से बदलकर अलिशा जांगिड़ रख दिया है, भविष्य में मेरी पुत्री को अलिशा जांगिड़ के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 19 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# अतिक्रमण पर व्यापारी और नगर निगम आए आमने-सामने

## विरोध के बाद टाउन हॉल से ही निगम दस्ते ने पीछे हटाए कदम







### व्यापारियों ने बारिश के बीच छाता लगाकर किया अतिक्रमण हटाने का विरोध

**गजियाबाद, करंट क्राइम :** चौपला मंदिर पर गुरुवार को नगर निगम की टीम के द्वारा दोपहर बाद दो दुकानों पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की सूचना के बाद गाजियाबाद के व्यापारिक संगठन और नगर निगम आमने-सामने आ गए। व्यापारियों को जैसे ही सूचना मिली कि नगर निगम की टीम चौपला मंदिर के बाजार में पहुंच रही है, व्यापारी संगठन एकजुट हो गए और चौपला हनुमान मंदिर के निकट जहां नगर निगम का बुलडोजर चलना था, वहां बड़ी संख्या में व्यापारी दरी बिछाकर सड़क पर बैठ गए और निगम के खिलाफ धरना प्रदर्शन और नारेबजी शुरू कर दी। इस प्रदर्शन में खास बात यह थी कि इलाके के पार्षद राजीव शर्मा भी इस प्रदर्शन में मौजूद थे। तो वहीं व्यापारी नेता गोपीचंद, राजकुमार, विनय सिंघल, राकेश स्वामी, राजू छाबड़ा, मयंक गर्ग, उदयवीर लाडी, नीटू लाहोरिया, राकेश बवेजा, अंकित सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एकजुट हो गए। बड़ी संख्या में व्यापारियों के पहुंचने की सूचना जैसे ही निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते और महापौर सुनीता दयाल को हुई तो टाउन हॉल से ही नगर निगम का दस्ता वापस लौटा लिया गया। हालांकि धरना दे रहे व्यापारी सड़क पर जम रहे। उन्होंने बारिश के दौरान भी छाता लगाकर वह नगर निगम के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहे। उधर व्यापारियों के विरोध के बाद महापौर सुनीता दयाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए आदेश दिया है कि बिना सूचना और अनाउंसमेंट के कहीं पर भी गाजियाबाद में नगर निगम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं करेगा। वहीं नाराज व्यापारियों ने 1702 दुकानों के किराया बढ़ोत्तरी और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से नाराज होकर शुक्रवार को नगर निगम के खिलाफ धरना, प्रदर्शन और आंदोलन की चेतावनी दी है। व्यापारी नेता राजू छावड़ा ने कहा है कि शुक्रवार को सुबह 10 से 2 बजे तक शहर के पुराने बाजार को बंद रखा जाएगा। इस दौरान घंटाघर से एकत्रित होकर व्यापारी नगर निगम पर प्रदर्शन भी करेंगे।

### व्यापारियों ने दिया एकता का परिचय, नगर निगम के खिलाफ चला प्रदर्शन

करंट क्राइम : गुरुवार को चौपला मंदिर पर नगर निगम की कार्रवाई होने की सूचना जैसे ही व्यापारी नेता गोपीचंद, राजू छाबड़ा, राकेश स्वामी सहित अन्य व्यापारियों को हुई तो यह मित्तल कुकर और मिस्त्री वाली दुकान पर पहुंच गए। उसके आगे दरी बिछाकर बारिश के बीच धरना शुरू कर दिया। जहां नगर निगम की कार्रवाई होनी थी यह दुकान विजय मित्तल की बताई जाती है, जो महापौर के रिश्तेदार हैं। व्यापारियों ने अतिक्रमण दस्ते का विरोध शुरू किया, तो नगर निगम की टीम अलर्ट हो गई। अधिकारियों ने टीम के लोगों को मौके पर भेजा जहां व्यापारियों की संख्या देख यह पीछे हट गए और निगम के टाउन हॉल से ही दस्ता वापिस लौट गया।

### महापौर सुनीता दयाल ने कहा बिना सूचना के नहीं होगी कोई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई



करंट क्राइम : गुरुवार को जब चौपला मंदिर पर नगर निगम के अधिकारी बाजार में व्यापारियों का अतिक्रमण को बिना सूचना दिए तोड़ने के लिए गए, तो यह सूचना जब महापौर को लगी तो उन्होंने अधिकारियों को बताया कि वो मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्ता कर रही थीं। इसी दौरान उनको सूचना मिली जिसके बाद उन्होंने तुरंत अधिकारियों को वापस लौटने का निर्देश दिया। महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि सभी अधिकारियों को वह बताना चाहती है अगर कहीं पर भी नगर निगम अतिक्रमण की कार्रवाई करेगा, तो उससे पहले बाकायदा सूचना, नोटिस और अनाउंसमेंट होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अचानक से मुख्य बाजार में हटाने का कोई मतलब नहीं है, लेकिन नगर निगम की टीम ने ऐसा किया है तो उनको निर्देश दिए गए हैं कि अभियान को भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही के साथ शुरू नहीं किया जाना चाहिए।

### व्यापारी नेता गोपीचंद ने कहा अगर टूटी एक भी दुकान, तो हर व्यापारी का आएगा नंबर




करंट क्राइम : चौपला मंदिर पर अतिक्रमण हटाने के लिए निगम के दस्ते को गुरुवार को व्यापारियों की एकता के आगे बैक फुट पर आना पड़ा। उधर व्यापारी नेता गोपीचंद ने इस दौरान भाजपा के कई नेताओं का बिना नाम लिए खुलकर उन पर प्रहार किया। तो कहा सपा-बसपा की सरकार होती तो वह अधिकारियों की खाट खड़ी कर देते। वहीं उन्होंने व्यापारियों को एकजुट होने की अपील की ओर कहा कि अगर एक भी व्यापारी पर कार्रवाई हो गई, तो सभी व्यापारियों का नंबर एक के बाद यह आना शुरू हो जाएगा।

### किराया बढ़ोत्तरी के विरोध में व्यापारियों का बंद और प्रदर्शन आज

करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा 1702 निगम की दुकानों के किराया बढ़ोत्तरी के फैसले को लेकर लगातार व्यापारी विरोध कर रहे हैं। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, नेताओं और उपमुख्यमंत्री तक अपनी आवाज उठा चुके हैं। व्यापारी नेता राजू छाबड़ा, राकेश स्वामी, गोपीचंद ने जानकारी दी है कि शुक्रवार को घंटाघर पर सुबह 10 बजे व्यापारी इकट्ठा होंगे और पूरे बाजार से जुलूस प्रदर्शन निकलते हुए नगर निगम मुख्यालय पर पहुंचेंगे। यहां घेराव किया जाएगा, व्यापारियों की मांग है कि किराया बढ़ोत्तरी तो हो लेकिन एक तय नियम के कानून और कैलकुलेशन के हिसाब से हो।

# प्रशांत चौधरी के बर्थडे पर क्यों नहीं हो पाया दो स्टारों का मिलन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में जो आज है वो कल नहीं है और जो कल नहीं था वो आज हो रहा है। राजनीति में कुछ इत्तेफाक ऐसे होते हैं जिन पर सवाल भी उठ जाता है और जवाब भी होते हैं। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के जन्मदिन पर कुछ ऐसा ही इत्तेफाक हो गया। गुरूवार को पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी का जन्मदिन था और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्ष के साथ मित्रों का, शुभचिंतकों का समर्थकों का एक मेला उनके आवास पर था। वुडहिल के डायरेक्टर और पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के भांजे विवेक भाटी सहित पूरा परिवार सभी से आत्मीयता से मिल रहा था। बधाई शुभकामनाएं चल रहीं थी। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, वीवीआईपी ग्रुप के सीएमडी प्रवीण त्यागी, समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता, एमएलसी दिनेश गोयल, पूर्व पार्षद हिमांशु लव, केडी त्यागी, श्यामवीर चौधरी, सहित पक्ष और विपक्ष के चेहरे मौजूद थे। यहां पर राजनीति के दो प्रमुख सितारे भी मौजूद थे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह भी आये और जन्मदिन की बधाई देने मौजूदा लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी आये। अब लोकसभा के फलक पर चमक रहे ये दोनों ही सितारे आये तो सही लेकिन एक दूसरे के आमने सामने नहीं आये। कुछ ऐसा हो गया कि जन्मदिन की बधाई तो रही लेकिन इन दो सितारों का मिलन नहीं हुआ। दो सितारे आये और मिलन नहीं हुआ, तक तो बात ठीक है लेकिन बात तब लीक हुई जब ये पता चला कि एक ही समय में एक ही स्थान पर दोनों स्टॉर मौजूद थे मगर दोनों का आमना सामना ही नहीं हुआ। मौके पर मौजूद आई विटनेस ने बताया कि सीन कुछ ऐसा बन गया कि साहब तो ड्राइंग रूम में मौजूद थे। बधाई दे चुके थे, शुभकामनाएं हो चुकी थीं और इसी बीच लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का काफिला आया। देखने वाले बता रहे हैं कि सांसद अतुल गर्ग ने पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी को जन्मदिन की बधाई दी और इसी बीच प्रशांत चौधरी ने सांसद अतुल गर्ग के कान में कुछ बताया।

जब तक सीन किसी को कुछ समझ में आया तब तक तो सांसद अतुल गर्ग ने प्रंशात चौधरी का मुहं मीठा कराया और बुके देकर हैप्पी बर्थडे वाली स्माईल के साथ चल दिये। अब कहने वाले कह रहे हैं कि हो सकता है कि अतुल गर्ग को महानगर कार्यालय पर आयोजित होने वाली बैठक में जाना हो। हो सकता है कि कोई जरूरी फोन आ गया हो। इसलिए वो ना मिले हों लेकिन राजनीति में चर्चाएं होती ही हैं और जब से हिंडन वाले डोमेस्टिक एयरपोर्ट के रनवे से प्रतिक्रियाओं के जहाज उड़ रहे हैं तब से ये माना जा रहा है कि इसी लिए बाहर ही बाहर से काम हो रहा है और अंदर वाले बाहर नहीं आये और बाहर वालों ने अंदर जाने की जरूरत नहीं समझी। हो सकता है ये एक संयोग हो लेकिन लोग इसे सियासत में नया प्रयोग भी मान रहे हैं।

**करंट कॉमिक - न्यू एडिशन**

# भाजपा महिला मोर्चा में जग गए शहर सीट से विधायक बनने के अरमान

प्रस्तुति करंट क्राइम

कॉन्सेप्ट: दीपक भाटी

डिजाइन: नरेश शर्मा

शहर विधानसभा उप-चुनाव का टिकट किसी महिला को मिले। इस पर चर्चा शुरू हो चुकी थी।







इतने बड़े स्तर पर हुई महिला एकजुटता की बैठक की जानकारी भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा और जिगर के छल्ले पप्पू पहलवान को लग गई।




रेनू चंदेला महिला विधायक की डिमांड रखने निकल पड़ीं।




जारी है.......

## संपादकीय

# मौसम का कहर और बाढ़ की त्रासदी

दिल्ली में मई से जून के बीच बत्तीस दिन ऐसे रहे, जब तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। इसके बाद दिल्ली में मानसून की दस्तक के साथ ही चौबीस घंटों में इतना पानी बरसा कि अट्ठासी वर्षों का रेकार्ड टूट गया। देश के कई इलाकों में इन दिनों लोगों को भारी बरसात की वजह से बाढ़ की त्रासदी झेलनी पड़नी पड़ रही है। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई क्षेत्रों में मानसून के बादल बरसने में संकोच कर रहे हैं। नतीजतन, उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में सवाल है कि आखिर मौसम प्रणाली में इस कदर असंतुलन क्यों पैदा हो रहा है? भारतीय मौसम विभाग की ताजा रपट में कहा गया है कि उत्तर-पश्चिम भारत में इस वर्ष जून का महीना 31.73 डिग्री सेल्सियस औसत तापमान के साथ वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म रहा है।

उमस भरी गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं इस बीच, दिल्ली में मई से जून के बीच बत्तीस दिन ऐसे रहे, जब तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। इसके बाद दिल्ली में मानसून की दस्तक के साथ ही चौबीस घंटों में इतना पानी बरसा कि अट्ठासी वर्षों का रेकार्ड टूट गया। उसके बाद हल्की बारिश ही हो रही है, जिससे उमस भरी गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वहीं, पहाड़ी इलाकों में बादल फटने और मैदानी क्षेत्रों में बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे पिछले दो-तीन सप्ताह में कई लोगों की जान जा चुकी है।

मौसम के इस बदलते मिजाज के पीछे जलवायु परिवर्तन को कारण माना जाता है। यूनिवर्सिटी आफ टेक्सास की ताजा रपट के मुताबिक, मौसम में आ रहे बदलाव जलवायु परिवर्तन के खतरों का संकेत हैं। बढ़ती वैश्विक तपिश से भविष्य में और भी भयावह परिणाम देखने को मिल सकते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसम में तेजी से हो रहे बदलावों के पीछे कार्बन उत्सर्जन का बड़ा योगदान है।

कार्बन उत्सर्जन का सीधा प्रभाव मौसम पर पड़ रहा है दरअसल, पृथ्वी पर कार्बन उत्सर्जन बहुत तेजी बढ़ रहा है, जिसका सीधा प्रभाव मौसम पर पड़ रहा है। हवा में बढ़ते ह्यएयरोसोल सल्फेटह्ल की मात्रा भी धरती का तापमान बढ़ा रही है, जिससे अरब और हिंद महासागर का तापमान बढ़ रहा है और इससे मानसून पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में साफ है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत समेत दुनिया भर में हो रहे प्रयासों को गति देने की जरूरत है। तभी मौसम में हो रहे असामान्य बदलावों का असर कम हो पाएगा।

# 23 जुलाई को पेश करेंगी बजट : निर्मला सीतारमण



**नई दिल्ली।** केंद्रीय बैंक से रिकॉर्ड 25 बिलियन डॉलर का अधिशेष हस्तांतरण सरकार को घाटे को बढ़ाए बिना खर्च करने के लिए अधिक गुंजाइश देगा। रॉयटर्स द्वारा सर्वेक्षण किए गए अधिकांश अर्थशास्त्रियों ने कहा कि राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद के 5.1% पर बरकरार रखा जाएगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को लोकसभा में 2024-25 का बजट पेश करने वाली हैं। 2024-25 का बजट मोदी 3.0 सरकार का पहला प्रमुख आर्थिक दस्तावेज होने वाला है। इसमें वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का रोड मैप तैयार होने की संभावना है। इसके अलावा भी कई बातों पर इसमें गौर किया जाएगा। कई विशेषज्ञों ने सरकार से आग्रह किया है कि वह उपभोग को बढ़ावा देने के लिए आम आदमी को कर में राहत प्रदान करे। मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने और आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए कदम उठाए। पिछले दो बजटों में नई कर व्यवस्था को डिफॉल्ट विकल्प बनाने और मानक कटौती सुविधा शुरू करने के अलावा कराधान नीतियों में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं किया गया। बीते 11 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शीर्ष अर्थशास्त्रियों से मुलाकात की, जिसमें उन्होंने नौकरियों पर नए सिरे से जोर देने के साथ-साथ विनिर्माण और ग्रामीण कारोबार को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने केंद्र-राज्य संबंधों की जटिलताओं पर भी बात की, विशेष रूप से केंद्र द्वारा कई कार्यक्रमों या योजनाओं को वित्तपोषित करने और राज्यों द्वारा जमीनी स्तर पर इनके क्रियान्वयन के लिए पूरी जवाबदेही नहीं लेने पर, जैसा कि इंडियन एक्सप्रेस ने बताया था। आर्थिक विश्लेषकों ने कहा कि अर्थव्यवस्था में वृद्धि असमान बनी हुई है और खाद्य कीमतों में उछाल जारी है, ऐसे में नौकरियों और आय को बढ़ावा देने के लिए संभावित कदम उठाए जा सकते हैं। पिछले महीने संपन्न हुए आम चुनाव में मोदी की पार्टी आधे से भी कम वोटों से चुनाव हार गई, क्योंकि नौकरियों और जीवन की उच्च लागत ने उनके हाई वोल्टेज हिंदू राष्ट्रवादी अभियान को फीका कर दिया। सत्ता में बने रहने के लिए मोदी दो अस्थिर क्षेत्रीय सहयोगियों, तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) और जनता दल (यूनाइटेड) पर निर्भर हैं

# एलआईसी के शेयर में बंपर तेजी

## एक साल में दिया करीब 80 प्रतिशत का रिटर्न



**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एलआईसी) के शेयर में बीते एक वर्ष में बंपर 78 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। शेयर में तेजी की वजह सरकारी शेयरों की तरफ निवेशकों के रुझान और कंपनी के प्रदर्शन को माना जा रहा है। शेयर की कीमत गुरुवार दोपहर 12:30 बजे 1,101 रुपये थी, जो कि 18 जुलाई, 2023 को 620 रुपये थी।

एलआईसी का प्रदर्शन बीते एक वर्ष में काफी अच्छा रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की आय 8.46 लाख करोड़ रुपये रही, जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में 7.84 लाख करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का मुनाफा 35,997 करोड़ रुपये से बढ़कर 40,885 करोड़ रुपये हो गया। अन्य इंश्योरेंस सेक्टर के शेयरों की बात करें तो एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस ने करीब दो प्रतिशत का नकारात्मक रिटर्न दिया है। बीते एक वर्ष में एचडीएफसी ग्रुप की लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के शेयर की कीमत 656 रुपये से घटकर 645 रुपये रह गई है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने पिछले एक वर्ष में करीब 24 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इसके शेयर का भाव 1628 रुपये है, जो कि 18 जुलाई, 2023 को 1,314 रुपये था। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के शेयर ने बीते एक वर्ष में 12 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। 18 जुलाई, 2024 को इसके शेयर का भाव 642 रुपये पर था जो कि

18 जुलाई, 2023 को 574 रुपये पर था। पिछले एक वर्ष में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के बेंचमार्क निफ्टी ने 24 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न निवेशकों को दिया है। इस वर्ष की शुरूआत से अब तक निफ्टी 13 प्रतिशत, बीते छह महीने में 14 प्रतिशत और पिछले एक महीने में 4.40 प्रतिशत का रिटर्न निवेशकों को दे चुका है।

# भारतीय शेयर बाजार में जल्द समाप्त हो सकता है बुल मार्केट : एक्सपर्ट



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में बुल मार्केट जल्द ही समाप्त हो सकता है। अमेरिकी निवेश फर्म जेफरीज के ग्लोबल इक्विटी स्ट्रैटेजिस्ट क्रिस वुड ने शेयर बाजार की तेजी को लेकर यह बात कही है। एक मीडिया रिपोर्ट में वुड ने कहा कि पिछले एक दशक में बीजेपी की सरकार में बड़े स्तर पर ढांचागत सुधार हुए हैं, जिसके फल हमें अब दिखने लगे हैं। मैं समझता हूं कि बुल मार्केट अब समाप्ती के करीब है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत में वही दोहराया जा रहा है, जो कि 2002-09 के बीच हुआ था, जिसकी शुरूआत प्रॉपर्टी मार्केट में तेजी से हुई थी और सख्त मौद्रिक नीति से भी इस पर कोई असर नहीं हुआ था। फिलहाल हम सात वर्षों के प्रॉपर्टी मार्केट की मंदी को छोड़कर बीते तीन वर्षों से तेजी के चक्र में हैं। मौद्रिक नीति सख्त होने का इस पर कोई असर नहीं हुआ है। पिछले वर्ष निजी निवेश में भी इजाफा देखने को मिला था। मुझे उम्मीद है कि इस वर्ष ही ऐसा ही क्रम जारी रह सकता है। अगर मेरा अनुमान गलत होता है तो शेयर बाजार यहां से अच्छा प्रदर्शन नहीं करेगा। वुड ने आगे कहा कि ग्रामीण खपत वाले शेयरों पर उनका फोकस है। बजट में होने वाले ऐलान से इस सेक्टर को फायदा मिलेगा। फिलहाल पोर्टफोलियो में ज्यादा वेटेज निवेश और खपत शेयरों को दिया हुआ है। मौजूदा समय में भारतीय शेयर बाजार में बुल मार्केट की स्थिति बनी हुई है। पिछले एक वर्ष में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के बेंचमार्क निफ्टी ने 24 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न निवेशकों को दिया है। इस वर्ष की शुरूआत से अब तक निफ्टी 13 प्रतिशत, बीते छह महीने में 14 प्रतिशत और पिछले एक महीने में 4.40 प्रतिशत का रिटर्न निवेशकों को दे चुका है।

# 2030 तक हैदराबाद जीसीसी में 3,600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी सनोफी हेल्थकेयर



**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी दवा कंपनी सनोफी हेल्थकेयर इंडिया अगले छह साल में हैदराबाद में अपने ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर (जीसीसी) में लगभग 3,600 करोड़ रुपये (40 करोड़ यूरो) का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि इसमें 2025 तक लगभग 900 करोड़ रुपये (10 करोड़ यूरो) का निवेश किया जाएगा। उसकी योजना 2026 तक 1,600 अतिरिक्त नौकरियां सृजित करने की भी है।

सनोफी में बिजनेस ऑपरेशंस की कार्यकारी उपाध्यक्ष मैडेलीन रोच ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हैदराबाद जीसीसी का विस्तार कर अगले दो साल में कर्मचारियों की संख्या लगभग 2,600 की जाएगी, जिससे यह सनोफी के चार वैश्विक केंद्रों में सबसे बड़ा हो जाएगा।" हैदराबाद में 2019 में स्थापित जीसीसी में फिलहाल 1,000 कर्मचारी हैं। सनोफी के अन्य जीसीसी बुडापेस्ट, मलेशिया और कोलंबिया में हैं। रोच ने कहा कि अब यह सुविधा महज एक मेडिकल हब होने की बजाय तेजी से विकसित होकर दुनिया भर में फर्म के वैश्विक कार्यों और सहयोगियों को विभिन्न सेवाएं प्रदान कर रही है। विस्तार के साथ-साथ कंपनी का लक्ष्य भारत में अपनी उपस्थिति और अपने वैश्विक परिचालन को भी बढ़ाना है।

इस कदम से करीब 2,600 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है, जिससे यह सनोफी के वैश्विक केंद्रों में सबसे बड़ा बन जाएगा। इसके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) संचालित पहली बायोफार्मा कंपनी बनने की भी उम्मीद है। यहां डेटा वैज्ञानिकों और सॉफ्टवेयर इंजीनियरों जैसे तकनीकी प्रोफाइल वाले लोगों की नियुक्ति की जाएगी।

## राशिफल

**मेष:** आज लाभकारी विकास संभव है जो आपको भविष्य में अच्छे परिणाम देगा. आप में से कुछ को अपनी पसंद के स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। व्यापार के क्षेत्र में कुछ लोगों का सहयोग मिलेगा। दांपत्य जीवन में आपसी समझ और प्यार से रिश्ते और भी बेहतर होंगे।

**मिथुन:** रोजमर्रा के मामलों में दिन बहुत अच्छा रह सकता है। आप अपने पेशे में पूरी तरह से सफल हो सकते हैं। अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

**कर्क:** आज दूसरों के साथ आपका व्यवहार आपको भाग्यशाली बना सकता है। आपको लोकप्रियता मिलेगी, व्यापार से आपकी कमाई में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। यह परियोजना आपको भविष्य में लाभान्वित करेगी।

**कन्या:** नौकरी में व्यर्थ के कार्यों में उलझ सकते हैं. अच्छे परिणाम के लिए आपको अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है। नौकरी बदलने के मूड में हैं तो संभल जाएं।

**तुला:** यह आपके लिए सबसे अच्छे दिनों में से एक हो सकता है। परिवार के सभी सदस्यों के साथ आपका पारिवारिक जीवन आनंदमय और आरामदायक रहेगा।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। थोड़ी सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ डिनर प्लान कर सकते हैं।

**धनु:** आप दिन भर व्यस्त रह सकते हैं। अधिकारी आपकी बातों को अहमियत देंगे। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत करने से ही सफलता मिलेगी।

**मकर:** आपके सहकर्मी समूह के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि संभव है। पेशेवर रूप से चीजें सुचारू होंगी और आप अच्छी प्रगति करेंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। साथ ही आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे।

**मीन:** व्यापार में थोड़ा लाभ होगा। स्थानान्तरण की स्थिति हो सकती है या आपको ऐसी खबर भी मिल सकती है। नौकरी और व्यापार में पैसों के मामले उलझ सकते हैं।

## चुटकुले

एक सत्संग के दौरान :
बाबा जी प्रवचन करते हुए जो इस जन्म में नर है वो अगले जन्म में भी नर ही होगा और जो इस जन्म में नारी है वो अगले जन्म में भी नारी होगी
ये सुनने के बाद एक बुढ़िया उठ कर जाने लगी
बाबा जी बोले : कहाँ जा रही हो ऐसे उठ कर ?
बुढ़िया : जब अगले जन्म में भी रोटियाँ ही बनानी है तो सत्संग सुन कर क्या फायदा\
बाबा जी अभी तक आईसीयू में है।

---

पप्पू जंगल में जा रहा था तभी एक सांप ने उसे पैर पर काट लिया।
पप्पू को गुस्सा आया और टांग आगे करके बोला :- ले काट ले जितना काटना है काट ले।
सांप ने फिर तीन-चार बार काटा और थक कर बोला :- अबे तू इंसान है भूत?
पप्पू बोलै :-मैं तो इंसान ही हूं लेकिन बेटा मेरा ये पैर जिसमे तूने काटा ये नकली है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- मोलुकास के लोगों ने परंपरागत रूप से अतीत में लौंग के पेड़ों को एक नए सदस्य के साथ परिवार के विस्तार का जश्न मनाने के लिए लगाया।
- 17 वीं-18 वीं सदी में ब्रिटेन में, लौंग कम से कम उनके वजन को सोने में तोलने लायक थे, उन्हें आयात करने की उच्च कीमत थी।
- प्राचीन रोमनों ने पाक और चिकित्सा उद्देश्यों में लौंग का इस्तेमाल किया। यूरोप में मध्य युग के दौरान लौंग सबसे महत्वपूर्ण और सबसे महंगा मसालों में से एक थे।
- आज, लौंग की मुख्य रूप से वाणिज्यिक रूप से कटाई की जाती हैं : इंडोनेशिया, मेडागास्कर, तंजानिया (जांजीबार), श्रीलंका, कोमोरोस और केन्या; खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के मुताबिक, इंडोनेशिया सबसे अधिक लौंग पैदा करता है दुनिया के लगभग 75 प्रतिशत कुल।
- मध्य युग के दौरान, यूरोप में लौंग, स्वाद और गार्निश भोजन के लिए लौंग का इस्तेमाल किया जाता था।
- इंडोनेशियाई लोकप्रिय क्रेटेक सिगरेट के निर्माण के लिए तंबाकू के साथ लौंग का मिश्रण करते हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

### परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

19 07 2024

## आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



सिंधु तोलानी
अभिनेत्री



मिलन | नैतिक भारद्वाज | वेदांत सिरोही | निधि विश्वकर्मा | तान्या त्यागी | मनोज शर्मा



आशीष शर्मा | नक्ष शर्मा | निशांत सक्सेना | नितिन पंडित | हेमंत जोशी | अनिल गुप्ता



सौरव कनौजियां | संजय शंकर | अंकित भारद्वाज | निर्भय | नीरज रावल | रनीश तोमर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने ली मैट्रो स्टेशनों की समस्याओं के समाधान के लिए बैठक

## मैट्रो स्टेशनों में यात्रियों की आवाजाही में ना हो कोई समस्या

## मैट्रो स्टेशनों से सम्बंधित शिकायतों का करें स्थायी समाधान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मैट्रो स्टेशनों की समस्याओं के समाधान हेतु बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी समस्याओं को क्रमवार सुना गया जिसमें हिंडन रिवर व राज बाग स्टेशन परिसरों में बंदरों द्वारा यात्रियों को क्षति पहुँचने का खतरा बना रहने की बात कहीं गई। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस मामले में मैट्रो इसका समाधान स्वयं करें क्योंकि कानून के अनुसार बंदरों पर पकड़ने पर रोक है। हिंडन रिवर के पास अंडर पास में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या पर जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निगम व मेट्रो सलाह करके इसके समाधान पर कार्य करे तथा दो दिन के भीतर उन्हें अवगत कराएँ। अर्थला मैट्रो स्टेशन के बाहर सीवर का काम चलने से यात्रियों के आवागमन में अवरोध तथा गंदगी की बात कहीं गई, बैठक में बताया गया कि इसका समाधान हो चुका है। मोहन नगर व वैशाली स्टेशन के बाहर रोड पर बहुत गंदगी की शिकायत पर जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निगम नियमित रूप से यहाँ की सफाई और सौन्दर्यकरण की व्यवस्था करके समस्या का स्थायी रूप से निदान करें। कौशाम्बी स्टेशन के बाहर गंदगी होने से यात्रियों के आवागमन में अवरोध पर जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम गाजियाबाद को कौशांबी मेट्रो स्टेशन के बाहर नाली पर मैट्रो से समन्वय बनाकर कवर लगाने का आदेश दिया गया। पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों में कौशाम्बी, वैशाली, शहीद स्थल (नया बस अड्डा), हिंडन रिवर, मोहन नगर व राजबाग स्टेशनों के बार फेरीवालों/विक्रेताओं, ई-रिक्शा तथा ऑटो-रिक्शा के कारण यात्रियों के आवागमन में अवरोध रहता है। जिलाधिकारी ने गाजियाबाद पुलिस को निर्देश दिया कि विक्रेताओं को इस तरह से नियंत्रित किया जाए कि वे यात्रियों की आवाजाही में बाधा न डालें। उन्होने ई-रिक्शा तथा ऑटो-रिक्शा क्रमबद्ध खड़े ना होने से होने वाली परेशानी को यातायात पुलिस इसका समाधान देखेंगी और सुनियोजित ढंग से इन वाहनों का प्रबंधन करें। बैठक में समाज कल्याण विभाग से सम्बंधित शिकायतों में शहीद स्थल, कौशाम्बी व वैशाली स्टेशनों के बाहर भिखारियों के कारण यात्रियों के आवागमन में अवरोध होने की शिकायत की।





जिलाधिकारी ने कहा कि भिखारियों को ऐसे स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है, जिससे वे यात्रियों की आवाजाही में बाधा न डालें, उतर प्रदेश यातायात पुलिस इस समस्या का समाधान करें और सुनियोजित ढंग से इनकी व्यवस्था करेगी। बैठक में प्रबंधक परिचालन ब्लू लाईन ललित कुमार, प्रबंधक परिचालन रेड लाईन विभा कुमार, वैशाली और कौशाम्बी के प्रबंधक आरसी श्रीवास्तव, एडीसीपी ट्रेफिक पीयूष कुमार सिंह, पीडब्लूडी अधिशासी अभियंता रामराजा, समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत, अधिशासी अधिकारी नगर निगम, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ सभी मैट्रो स्टेशनों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

# जल निकासी के समाधान हेतु डीएम ने दिये आदेश

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में फरीदनगर में जल निकासी की समस्या को लेकर बैठक आहूत हुई। फरीदनगर की ईओ ऑचल पाण्डेय ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि फरीदनगर में जल निकासी ना होने से स्थानीय लोगों के घरों का दूषित पानी तालाबों में जाता है, जिसका निवारण करना अति आवश्यक हैं। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में उपस्थित प्रोजेक्ट मैनेजर सीएनडीएस रणजीत कुमार को उक्त समस्या के निदान हेतु आदेशित किया। जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर ने अवगत कराया कि उस कार्य के निस्तारण हेतु फरीदनगर में सर्वे कराकर डीपीआर तैयार की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण पूरा कराया जाए। सर्वे और डीपीआर हेतु 30 जुलाई तक का समय निर्धारित किया गया। बैठक में जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, जेई फरीदनगर स्मृति गुप्ता सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।



# भागवत कथा में गोवर्धन पूजा का बताया महत्व

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत मात्र इसीलिए उठाया था, कि पृथ्वी पर फैली बुराइयों का अंत केवल प्रकृति एवं गो संवर्धन से ही हो सकता है। श्रीमदभागवत कथा में गुरुवार को कथावाचक पंडित जीवेश शास्त्री ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अगर हम बिना कर्म करे फल की प्राप्ति चाहेंगे तो वह कभी नहीं मिलेगा, कर्म तो हमें करना ही होगा। कथावाचक ने गोवर्धन पर्वत की कथा सुनाते हुए कहा कि इंद्र के कुपित होने पर श्रीकृष्ण ने गोवर्धन उठा लिया था। इसमें ब्रजवासियों ने भी अपना-अपना सहयोग दिया। श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों की रक्षा के लिए राक्षसों का अंत किया तथा ब्रजवासियों को पुरानी चली रही सामाजिक कुरीतियों को मिटाने एवं निष्काम कर्म के जरिए अपना जीवन सफल बनाने का उपदेश दिया। इस मौके पर प्रांगण में गिरिराज पर्वत की झांकी सजाई गई एवं छप्पन भोग लगा कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर गोपाल डोगरा ,ममता, संजय, तरुण,लोकेश, कविता, अमर, लक्ष्मी जैन, मोती, उर्मिला, किरण, अनिल,आदि लोगमौजूद रहे।





## गाजियाबाद का इंतजार पूरा हुआ : नए सीएमओ मिले



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शासन स्तर से बड़े पैमाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) के तबादले हुए हैं। इसी के साथ गाजियाबाद का भी इंतजार पूरा हो गया और गाजियाबाद को डा. अखिलेश मोहन के रूप में नए सीएमओ मिल गए। बता दें कि निवर्तमान सीएमओ डा. भवतोष शंखधर का कार्यकाल 31 मई को पूरा हो गया था, लेकिन शासन से उन्हें अगले आदेश तक पद पर बने रहने के आदेश प्राप्त हुए थे। अब डा. भवतोष को मंडलीय चिकित्सालय, मुरादाबाद में वरिष्ठ परामर्शदाता बनाया गया है। गाजियाबाद के नए सीएमओ अच्छे शल्य चिकित्सक हैं को कोविड के पहले तक गाजियाबाद के संजयनगर संयुक्त जिला अस्पताल में तैनात रहे हैं। जहां से उन्हें सीएमओ मेरठ के पद पर तैनात किया गया था।

# डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने संभाला चार्ज, एसीपी और एसएचओ के साथ की बैठक

## पुलिसिंग में सुधार दिखने का दिया भरोसा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार ने सिटी जोन के डीसीपी का कार्यभार संभाल लिया है। गुरुवार को उन्होंने कार्यालय में जनसुनवाई की और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। वहीं दोपहर में डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने सिटी जोन के सभी एसीपी और थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। जिसमें आगामी कांवड़ यात्रा, बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव, नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव और शांति व्यवस्था को लेकर चर्चा की। वहीं उन्होंने कहा है कि जल्द ही सिअी जोन की पुलिसिंग मे सुधार भी देखने को मिलेगा।



### लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों पर होगा एक्शन : डीसीपी सिटी

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में डीसीपी सिटी जोन का चार्ज संभालने वाले राजेश कुमार ने कहा कि पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी और वर्किंग में सुधार करें। उन्होंने ने कहा है कि लापरवाही मिलने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सभी थाना प्रभारियों को नियमित रूप से अपने थाना क्षेत्र में गश्त करने और जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं पर एक्शन लेने का निर्देश दिया है।

# पेरिस ओलंपिक शूटर सिफ्त कौर के लिए सामान्य टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** भारतीय राइफल शूटर सिफ्त कौर समरा अपने पहले ओलंपिक में दबाव महसूस नहीं कर रही हैं, बल्कि वह हर चार साल में होने वाले इस शोपीस इवेंट को एक और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के रूप में देख रही हैं। सिफ्त कौर ने पेरिस ओलम्पिक से तुलना करते हुए कहा कि 'सिर्फ.टूर्नामेंट का नाम बदलता है, लोग या तकनीक नहीं। सिफ्त कौर, जो वर्तमान में लक्जमबर्ग में अपने प्रशिक्षण केंद्र में हैं।

23 जुलाई से फ्रांस की राजधानी में शुरू होने वाले पेरिस खेलों में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन में प्रतिस्पर्धा करेंगी। 469.6 के विश्व रिकॉर्ड के साथ एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ने कहा कि ओलंपिक चार साल बाद आ रहा है, इसलिए यह अन्य सामान्य विश्व कप की तुलना में बहुत बड़ा है लेकिन उनके लिए यह एक और प्रतियोगिता है। वह पिछले टूर्नामेंट और प्रशिक्षण सत्रों में इस्तेमाल की गयी तकनीकों पर कड़ी मेहनत को ही अपनाएंगी। सिफ्त कौर ने आईएएनएस को बताया, यह हमारे लिए एक सामान्य विश्व कप जैसा ही है। हम हमेशा विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। यह एक और टूर्नामेंट है जहां हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।"



हां, ओलंपिक हर चार साल में आता है, यह अन्य विश्व कप की तुलना में बहुत बड़ा है। लेकिन मुझे लगता है कि पिछले विश्व कप में हमारे पास वही लोग थे, इसलिए यह वैसा ही होने वाला है। मुझे बस वही चीजें करनी हैं जो मैंने अपने पिछले टूर्नामेंट और प्रशिक्षण सत्रों में की थीं। टूर्नामेंट के केवल नाम बदलते हैं, लोग या तकनीक नहीं। पेरिस खेलों में निशानेबाजों की 21 सदस्यीय टीम भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम में राइफल में आठ, पिस्टल में सात और शॉटगन में छह सदस्य शामिल हैं। आठ राइफल निशानेबाजों में से केवल दो ( ऐश्वर्या प्रताप तोमर और अंजुम मुदगिल) को ओलंपिक शूटिंग रेंज में प्रतिस्पर्धा करने का अनुभव है। अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन के संदर्भ में अपने लक्ष्य के बारे में बात करते हुए सिफ़्त कौर ने कहा, मैं बस यही चाहती हूं कि यह पिछले टूर्नामेंट जैसा न हो और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दूं।

# फीफा रैंकिंग : भारत 124वें स्थान पर कायम, शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ने गुरुवार को जारी नई फीफा रैंकिंग में अपना 124वां स्थान बरकरार रखा है, जबकि मौजूदा विश्व चैम्पियन और हाल ही में रिकॉर्ड 16वीं बार कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया है। लियोनेल मेसी की टीम अर्जेंटीना की बादशाहत रैंकिंग में कायम है।

वहीं, भारत ने राहत की सांस ली है। विश्व कप 2026 क्वालीफाइंग अभियान में खराब प्रदर्शन के बाद जून में अपडेट की गई पिछली रैंकिंग में टीम तीन स्थान नीचे खिसक गई थी। पिछले साल दिसंबर के बाद भारत के प्रदर्शन में लगातार गिरावट आई है। एक समय था जब टीम ने पहली बार शीर्ष 100 में जगह बनाई (तब भारत अपने बेस्ट 99वें स्थान पर था) लेकिन उसके बाद खराब प्रदर्शन के कारण टीम को लगातार रैंकिंग में नुकसान उठाना पड़ा।

एशिया में भारत 22वें स्थान पर है। भारत से पहले सीरिया, फिलिस्तीन और वियतनाम जैसे देशों का नाम शामिल है। यूरो 2024 के सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद फ्रांस ने रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है। यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने पांच पायदान की छलांग लगाकर तीसरा स्थान हासिल कर लिया जबकि फाइनलिस्ट इंग्लैंड की टीम एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, ब्राजील अब पांचवें स्थान पर है। बेल्जियम की बात करें तो इस टीम को तीन स्थान का नुकसान उठाना पड़ा और अब टॉप-5 से बाहर छठे स्थान पर है। नीदरलैंड सातवें स्थान पर है और पुर्तगाल दो पायदान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गया है। कोपा अमेरिका फाइनल में अर्जेंटीना से मिली हार के बावजूद कोलंबिया तीन पायदान ऊपर नौवें स्थान पर है, जिससे टीम ने शीर्ष 10 में वापसी की।

# नीट मामले पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर वकीलों व छात्रों की आई प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा निर्देश दिया। कोर्ट ने एनटीए को निर्देश दिया कि अंकों को अपलोड करते समय छात्रों की पहचान को गुप्त रखें। इसके अलावा, कोर्ट ने शहर और केंद्र के हिसाब से छात्रों को अंकतालिका को अपलोड करने का निर्देश दिया है। अब इस मामले में 22 जुलाई को सुनवाई होगी। इस सुनवाई के संबंध में वरिष्ठ वकील नरेंद्र हुड्डा ने कहा, ह्लसुप्रीम कोर्ट में गुरुवार सुबह से सुनवाई चल रही थी, जो चार बजे तक चली। याचिकाकर्ती की तरफ से जो सबूत एकत्रित हो पाए, उसे हमने कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग अथॉरिटी को डायरेक्शन दिया है कि सारा रिजल्ट डिक्लेयर करें, ताकि याचिकाकर्ता उस डाटा को भी एनालाइज कर सकें। इस पर छात्रों ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान अपनी प्रतिक्रिया दी। छात्र अभिषेक ने कहा, कोर्ट के सामने अभी यह प्रूव होना बाकी है कि पेपर लीक हुए हैं।

हालांकि, पेपर लीक को लेकर आज कोर्ट के समक्ष बहुत सारे सबूत पेश किए गए। अभी कोर्ट के सामने पटना रिपोर्ट की कॉपी नहीं है, इसलिए कोर्ट ने कहा कि पटना रिपोर्ट की कॉपी कोर्ट को दी जाए। अभी कोर्ट तक सारे सबूत पहुंचे ही नहीं है। अगर इस घटना को सिलसिलेवार देखा जाए, तो लगता है कि पेपर लीक हुआ है, लेकिन जब तक कोर्ट के सामने सारे सबूत नहीं आ जाते, तब तक कोर्ट भी फैसला नहीं ले सकता। एक वकील ने भी इस संबंध में आईएएनएस से कहा, ह्लआज कोर्ट ने माना है कि पटना और हजारीबाग में पेपर लीक हुआ है। इसके साथ ही कोर्ट ये जानना चाहता है कि पेपर कितने बजे लीक हुआ और कब छात्रों के पास पहुंचा, इसलिए आज उन्होंने पुलिस की रिपोर्ट और डायरी को भी मंगवाया है, जो ओरिजिनल प्राथमिकी में दर्ज है, वह अभी तक कोर्ट के सामने नहीं आई है। कोर्ट में सीबीआई की भी दो रिपोर्ट फाइल हुई है। वकील अमरनाथ सैनी ने कहा, ह्लकोर्ट ने एनडीए को डायरेक्शन दिया है कि शनिवार शाम पांच बजे तक सभी छात्रों के रिजल्ट को वेबसाइट पर अपलोड करें, उसके बाद पिटीशनर को एक चांस होगा, उसको अपने तरीके से एनालाइज करें।



छात्र अनुराग मिश्रा ने भी इस संबंध में आईएएनएस से कहा, सीजेआई ने सबसे पहले पूछा कि कितने बच्चे हैं, जो चाहते हैं कि री-एग्जाम हो। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट में जो डाटा पेश किया, वह बिल्कुल गलत था। उनका कहना था 131 बच्चे री एग्जाम चाहते हैं।


# मध्य प्रदेश में भाजपा की उपचुनाव की तैयारी, प्रभारी-सह प्रभारी नियुक्त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा के उपचुनाव की तैयारी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जुट गई है। पार्टी ने बुधनी और विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए प्रभारी और सह प्रभारी की भी नियुक्ति कर दी है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने सीहोर जिले की बुधनी एवं श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा उपचुनाव हेतु प्रभारी एवं सह प्रभारी घोषित किए हैं। बुधनी विधानसभा के प्रभारी प्रदेश शासन के मंत्री करण सिंह वर्मा एवं सह प्रभारी पूर्व मंत्री रामपाल सिंह को घोषित किया गया है। इसी प्रकार प्रदेश शासन के मंत्री एंदल सिंह कंसाना को विजयपुर विधानसभा के प्रभारी एवं पूर्व विधायक नरेंद्र बिरथरे को सह प्रभारी बनाया गया है। बुधनी विधानसभा से विधायक रहे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित हो चुके हैं। वहीं, विजयपुर से कांग्रेस के विधायक रहे रामनिवास रावत ने पाला बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया था। वे विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं और मोहन यादव सरकार में मंत्री हैं।




## उत्तर प्रदेश में 20 जुलाई को 'वृक्षारोपण महाभियान' : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ' के संकल्प के साथ 20 जुलाई को आयोजित होने जा रहे वृक्षारोपण महाभियान को लेकर ग्राम पंचायत, पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, नगर निगमों के महापौर आदि जनप्रतिनिधियों से वर्चुअली संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सात वर्ष में 168 करोड़ से अधिक पौधे रोपने का कार्य किया गया है। थर्ड पार्टी ऑडिट में इनमें से 75-80 फीसद पौधे सुरक्षित होने की पुष्टि हुई है। इस वर्ष की गर्मी और लंबे समय तक चले हीट वेव को कोई भूल नहीं पाएगा। भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए 20 जुलाई का अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। 20 जुलाई को एक बार फिर पूरा प्रदेश वृक्षारोपण के महाभियान से जुड़ने जा रहा है। इस बार हमारा लक्ष्य 36.50 करोड़ पौधे लगाने का है। यह बड़ा लक्ष्य है, इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि महाभियान को सफल बनाने के लिए जनजागरूकता पहली आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर देशवासी को 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने की प्रेरणा दी है। उत्तर प्रदेश का हर नागरिक उनके भाव से जुड़कर इस वर्ष के 'वन महोत्सव' को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में अपना योगदान करेगा।



# 80 करोड़ की लागत से ग्रेनो वेस्ट के निवासियों को जल्द मिलेगा पहला एसटीपी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों के लिए खुशखबरी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट का पहला एसटीपी शीघ्र बनने जा रहा है। करीब 80 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 45 एमएलडी शोधन क्षमता वाले एसटीपी के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने टेंडर निकाल दिए हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराने की तैयारी है। इसका निर्माण कार्य डेढ़ साल में पूरा करने का लक्ष्य है। इस एसटीपी के चालू होने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों और गांव के निवासियों को बड़ी राहत मिल जाएगी। इसके साथ ही प्राधिकरण ने 23 अन्य कार्यों के लिए लगभग 18 करोड़ रुपये के टेंडर निकाल दिए हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों और गांवों के सीवर को शोधित करने के लिए एसटीपी की बहुत जरूरत है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने इस जरूरत को देखते हुए एसटीपी शीघ्र बनाने की अनुमति दी है। सीवर विभाग ने एसटीपी बनाने के लिए टेंडर निकाल दिए हैं। प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि एसटीपी बनाने की इच्छुक कंपनियां 29 जुलाई तक आवेदन कर सकती हैं। 31 जुलाई को प्री-क्वालिफिकेशन बिड खुलेगी। कंपनी का चयन कर कार्य को शीघ्र करने की तैयारी है।



इसका निर्माण कार्य शुरू होने के बाद पूरा होने में लगभग डेढ़ साल लगेंगे। ग्रेटर नोएडा की स्वच्छता के लिए एसटीपी की बहुत आवश्यकता थी। अब इसके जल्द मूर्त रूप में आने की उम्मीद है। इससे ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सभी गांव और सेक्टर इस एसटीपी से जुड़ जाएंगे। उनके घरों से निकलने वाला सीवर शोधित हो सकेगा। इसके साथ ही सेक्टर बीटा वन व टू के सामुदायिक भवन के आंतरिक विद्युतीकरण का कार्य, 6 प्रतिशत आबादी भूखंडों में एलईडी लगाने, 3 जोनल रिजर्वायर के इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल कार्य और जीआईएस मैपिंग के कार्य, सेक्टर 16बी व 16सी वितरण लाइन बिछाने का कार्य, ग्रेटर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में झूलों के मरम्मत के कार्य, सेक्टर दो में ओपन जिम के उपकरण लगाने आदि कार्य किए जाएंगे। सीईओ एनजी रवि कुमार ने इन कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया को एक माह में पूरा कर निर्माण शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। इन कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही नहीं करने की सख्त हिदायत दी है।

# वृहद स्तर पर शहर में चल रहे पौधारोपण की महापौर और नगर आयुक्त ने की वर्चुअल बैठक

- जन सहभागिता से पौधारोपण अभियान को मिला बढ़ावा : महापौर
- पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ मुहिम पर कार्य कर रहा उद्यान: नगर आयुक्त



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर पौधारोपण के संबंध में मुख्यमंत्री की वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे समस्त विभागीय अधिकारी तथा पार्षद भी उपस्थित हुए, मुख्यमंत्री द्वारा महापौर से सीधा संवाद करते हुए गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगाए जा रहे पौधों का हाल जाना, साथ ही हर घर को पौधा रोपण के प्रति जागरूक करने के लिए भी कहा गया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगभग 50 हजार से अधिक पौधारोपण किया जा चुका है शासन से 1 लाख 30 हजार से अधिक का लक्ष्य गाजियाबाद नगर निगम को दिया हुआ है, जिसमें उद्यान विभाग द्वारा लगभग डेढ़ लाख पौधा रोपण की तैयारी की हुई है पौधारोपण अभियान में जन-जन का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है पार्षद भी अपने-अपने क्षेत्र में जनता के बीच जाकर पौधारोपण कर रहे हैं, मां के नाम पर भी पौधारोपण का कार्य चल रहा है, मियांवकी पद्धति से भी पौधा रोपण का कार्य कई स्थानों पर किया गया है पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्साह पूर्वक पौधा रोपण का कार्य चल रहा है पिछले वर्ष 130000 पौधे लगाए गए थे, जोकि वृक्ष का रूप ले रहे हैं, इस प्रकार महापौर द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष पौधारोपण के कार्य की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। वर्चुअल बैठक के उपरांत नगर आयुक्त द्वारा सभी मालियों तथा हेड मालियों के साथ-साथ उद्यान टीम प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज को भी अभियान को सार्थक बनाने के लिए मोटिवेट किया गया, पार्षदों तथा आरडब्ल्यूए पदाधिकारी के साथ मिलकर उद्यान विभाग पौधारोपण अभियान को बढ़ाएं साथ ही गाजियाबाद नगर निगम की खाली भूमि पर भी अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए निर्देश दिए गए 20 जुलाई को वृहद अभियान के लिए उपस्थित जनों को मोटिवेट किया गया' महापौर सुनीता दयाल द्वारा किए जा रहे पौधारोपण के लिए बधाई दी तथा आवश्यकता अनुसार क्षेत्र में पौधारोपण को जिम्मेदारी से करने के लिए उत्साहित किया गया। डिवाइडरो, सेंट्रल वर्ज, पार्कों, ग्रीन बेल्ट, प्रमुख सड़कों के आसपास, रिक्त मैदान जहां आवश्यकता है जहां पौधे लगाने के साथ-साथ पनप भी सकते हैं ऐसे स्थानों को चिन्हित कर पार्षदों से समन्वय करते हुए पौधा रोपण को बढ़ावा दिया जाए, वायु गुणवत्ता सुधार तथा पर्यावरण को बेहतर करने के लिए पौधारोपण अभियान के रूप में किया जाए उद्यान टीम को निर्देश दिए गए, मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, समस्त विभागीय अधिकारी, पार्षद नीरज गोयल अमित त्यागी पूनम सिंह शीतल देओल व अन्य उपस्थित रहे।

## सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष उठाया चिकित्सकों की खामियों का मामला



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर व भोजपुर के सीएचसी सहित कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों, विशेषज्ञों व उपकरणों की खामियों के चलते मरीजों को हो रही परेशानी का मामला बागपत मोदीनगर के सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान ने प्रमुखता से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री बृजेश पाठक के समक्ष उठाया है। सांसद ने बकायदा लखनऊ उनके आवास पर मिलकर उन्हें क्षेत्र के अस्पतालों से जुड़ी समस्या को रखा। बागपत के जिला अस्पताल एवं मोदीनगर के डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्वास्थ्य केंद्र, भोजपुर के सीएचसी व क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं टेक्निकल स्टॉफ की तैनाती करने की मांग की, जिससे कि मरीजों के समक्ष प्रतिदिन हो रही समस्याओं का निस्तारण हो तथा लोगों को सुचारू रूप से चिकित्सा सुविधा मिल सके। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार भी रहे। सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही बागपत, मोदीनगर के सरकारी अस्पतालो एवं चिकित्सा इकाइयों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं टेक्निकल स्टॉफ की तैनाती की जाएगी।




### वाह मिसिर जी गाड़ दिये तुम तो फ्लावर गढ़ में पावॅर का झंडा

अफसरों से जूझती भगवा सियासत को समझ ही नही आ रहा कि क्या जवाब दे पब्लिक को और क्या कहें कार्यकर्ताओं को। प्रथम नागरिक ने एलान किया और सुना है कि उनकी तो पहचान भी बड़े दरबारों में है। डिफेंस वाले मंच से कह गये थे कि बस कोई इनसे ही ना उलझे। मिसिर जी उलझे भी और उन्हे भी उलझन में डाल दिया कि देख लो तुम से अगर हम हटते हों तो। सुना है जब विधायक टोला एकजुट होकर बाबा के सामने पहुंचा तो कैबिनेट वालों ने तो शान में कसीदे पढ़ दिये और सीन बड़े बेआबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले वाला हो गया। जून बीता जुलाई भी बीत ही जायेगी और अब तो यही आवाज आ रही है कि मिसिर जी का फंडा कामयाब रहा और लोटस फ्लावर वालों की सारी फायर ही मिसिर जी ने कतई कूल कर दी। फ्लावर गढ़ में पावॅर का झंडा तो गाढ़ ही दिये हैं। मेयर विधायक सासंद आ गये, कैबिनेट मंत्री आ गये राज्यमंत्री आ गये प्रभारी मंत्री आ गये मगर मिसिर जी को ना जाना था और ना वो गये।

### करो कभी जिक्र उन चौहान का भी और इन पहलवान का भी

वो महानगर वाले दफ्तर में ही भगवा पटका पहन कर भाजपाई हुये और जब वो भाजपा परिवार में आ गये तो उनका राईट हैं कि वो सगंठन से लेकर सरकार तक अपना अधिकार भी जतायेगें। अब इधर वालों को लग रहा है कि उन्होने सगंठन से लेकर सरकार तक घुसपैंठ कर ली और वो घुसपैठिये हैं। अगर लखनऊ वाली मीटिंग में वो अपनी सेटिंग से व्यवस्था वाला पास लेकर चले भी गये तो उसे पकड़ो जिसने पास बनाये। वो कह रहे है कि हमसे गुनाह हो गया और सगंठन चाहे तो हमें तबाह कर दे। सबसे पहले तो वो गनर वापिस ले जो पार्टी ने दिये हैं और उस आवास की चाबी भी ले ले जो सगंठन के कहने पर हमें लखनऊ में मिला है। बात यहीं तक नही रूकी हैं और वो बीच में चौहान और पहलवान को भी ले आये हैं। वो कह रहे हैं कि तीस फोटो उन चौहान के हैं जिनका जनरली आज तक पद ही पता नही हैं लेकिन उनसे किसी ने नही पूछा। कभी भगवा पहलवान से पूछ लो कि तुम पर ही सगंठन इतना मेहरबान क्यों हैं।

### वो वाले समाजवादी चौधरी चाहें तो भी नही मिलेगा उन्हे टिकट

उपचुनाव में उम्मीदवारी की उम्मीद साईकिल वालों के यहां भी पल रही हैं। सुना है कि उन वाले समाजवादी चौधरी ने चुनाव लड़ने की हसरत कहीं रखी। बात बाहर आई और कहने वाले ने कहा वो कितनी कसरत कर लें लेकिन उन्हे टिकट नही मिलेगा। वजह बताते हुये कहा कि जब तक साईकिल वाले चचा की सांस चल रही है तब तक तो टिकट की आस कोई चौधरी यहां से पाल ना ले। कहा कि जब तक ये वाले सपाई चचा हैं तब तक तो किसी लोकल चौधरी की दावेदारी में कुछ नही बचा। बता दिया कि हमारी जुबान से मत ही कहलवाओं उनका नाम। आप किसी भी साईकिल चौधरी से पूछ लो कि सियासत में बड़ी बाधा कौन सी है तो आधा सेंकिड में उनकी जुबान पर चचा का नाम आयेगा।

## पेरेंट्स एसोसिएशन द्वारा डीएम कार्यालय पर दिया धरना



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शिक्षा के अधिकार RTE के तहत स्कूलों में नही हो रहे बच्चो के दाखिले के खिलाफ गाजियाबाद प्रेंट्स एसोसिएशन द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया गया। उक्त धरने को महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय चौधरी के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉक्टर संजीव शर्मा, कांग्रेस नेता नसीम खान, कांग्रेस नेता नानक चंद शर्मा , कांग्रेस नेता खुर्शीद रंगरेज , महानगर अध्यक्ष वली हसन , विक्रांत चौधरी ,दानिश सैफी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सलमान मंसूरी, साहिल अब्बासी, अली खान, रियाज अहमद , एडवोकेट सुनील भारती , सरफराज सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सानवी चौधरी का राष्ट्रीय रस्साकशी प्रतियोगिता में चयन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद स्थित एक स्कूल की छात्रा सानवी चौधरी का राष्ट्रीय रस्साकशी प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की ( अंडर 17th गर्ल्स ) टीम मेंहुआ चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 5 अगस्त से 9 अगस्त तक आगरा में खेली जाएगी। उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय रस्साकशी टीम में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है।

## महापौर सुनीता दयाल को इंदिरापुरम की समस्याओं से अवगत कराया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार को महापौर सुनीता दयाल के आवास पर इंदिरापुरम की समस्या को लेकर भाजपा महिला कार्यकर्ताओ ने मुलाकात की ।

भाजपा महिला मोर्चा महानगर मंत्री सुषमा गंगवार ने इंदिरापुरम की समस्याओ से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इंदिरापुरम में हो रहे अतिक्रमण से लोग परेशान है। वही आए दिन अतिक्रमण सड़क पर बढ़ता जा रही है। इस पर कोई लगाम नहीं है, इंदिरापुरम के सभी नाले गंदी से आटे पड़े है। वही डिवाइडर टूटे है, इन समस्याओं पर किसी का कोई ध्यान नहीं है। इंदिरापुरम का बुरा हाल है। महापौर सुनीता दयाल ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुषमा गंगवार , रेखा अग्रवाल , अंजू सिन्हा, प्रियंका राना उपस्थित मौजूद रहे।

## ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में राधा-कृष्णा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** महामाया देवी मंदिर प्रांगण में बनाए गए ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में राधा कृष्ण की प्रतीकात्मक मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हुई। भजन, कीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। ऐतिहासिक महामाया देवी मंदिर प्रांगण में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर बनने से इसकी शोभा और बढ़ गई है। प्रसिद्ध और पौराणिक गांव सीकरीखुर्द में महामाया मंदिर के महंत देवेन्द्र शास्त्री के नेतृत्व में विद्वानों ने पांच दिन पहले प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू किया। गुरुवार को सीकरी फटाक से मंदिर परिसर तक प्रभात फेरी निकाली गई। जाने माने भजन गायक चित्र, विचित्र ने राधा रानी को समर्पित भजनों की प्रस्तुति से वातारण भक्तिमय कर दिया। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच आचार्यों ने भगवान राधा कृष्ण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की। दोपहर बाद कन्या भोज व भंडारे के साथ पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन हो गया।

## कलयुगी पुत्र ने पिता को झांसे में लेकर जमीन का बैनामा कराकर सोने-चांदी के जेवरात हडपें

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक कलयुगी पुत्र ने पिता को झांसे में लेकर अपने नाम जमीन का बैनामा करा लिया और सोने चांदी के जेवरात तक हड़प लिये। इस बावत पिता ने पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। भोजपुर थानान्तर्गत गांव पट्टी निवासी जगरोशन शर्मा पेशे से किसान है। उनके दो बेटे प्रवेश शर्मा व अभिषेक शर्मा है। प्रवेश शर्मा होमगार्ड की नौकरी करता है ओर प्रवेश हरियाणा में किसी प्राइवेट कंपनी में तकनीकी विभाग में कार्यरत हैं। उन्होने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उनके छोटे पुत्र अभिषेक उन्हे जबरन तहसील ले गया ओर उनके हिस्से की डेढ बीघा भूमि का बैनामा अपने नाम करा लिया। इतना ही नही उनकी पत्नि के हिस्से के जेवरात भी उसने हड़प लिये। जबकि पुलिस का कहना है कि शिकायतकर्ता की पत्नि कौशल्या की जनवरी माह में मौत हो गयी थी। उसके बाद यह शिकायत सामने आई है। कोर्ट के आदेश पर दर्ज इस मामले में जांच करायी जा रही हैं।




## 20 को खाकी बढ़ाएगी हरियाली

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते कुछ दिनों से बदलाव वाला दौर चल रहा है। कभी एडीसीपी तो कभी डीसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव देखने को मिला है। इन बदलावों के बाद अब जानकारी मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में खाकी हरियाली बढ़ाने पर जोर देगी। सूत्रों से जानकारी मिली है कि 20 जुलाई को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हजारों की संख्या में खाकी अलग-अलग थानाक्षेत्र, चौकी, सरकारी कार्यालय और पुलिस लाइन से लेकर अधिकारियों के आवास तक हरे पौधे लगाने का काम होगा। वहीं कमिश्नरेट के प्रत्येक जोन के अंतर्गत आने वाले थानों में हरियाली का संदेश दिया जाएगा। तो पौधरोपण के दौरान पीछे थाने का बैनर लगा होगा और हरियाली के फोटो में खाकी वाले नजर आएंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पौधों को थाने में पहुंचने का काम शुरू हो गया है। इसके लिए बाकायदा लाइन से थानावार हरे पौधे भेजे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि अधिकांश पौधे फलदार रहेंगे। सूत्रों ने बताया है कि लगभग एक थाने को 400 के आसपास हरियाली वाले पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जो अलग-



अलग चौकी और कार्यालय में लगाए जा सकें। सूत्र जानकारी दे रहे हैं कुछ बड़े अधिकारियों के पौधे नेम प्लेट वाले लगाए जाएंगे। तो उनकी देखरेख की जिम्मेदारी भी पुलिस को ही सौंपी जाएगी। वही सुनने में आया है की हरियाली फैलाने का अधिक जोर देहात में ही नजर आएगा, क्योंकि नदियापार और सिटी में स्पेस की शॉर्टेज है। हालांकि कुछ चौकी ऐसी हैं, जो खाली और बड़ी हैं वहां जगह की कोई टेंशन नहीं है। इसलिए थाने के पेड़ों वाले लोड को यहां पर डायवर्ट किया जा सकता है। उधर गनीमत यह है कि पुलिस कमिश्नरेट में गुरुवार से हल्की बारिश वाला मौसम बनना शुरू हुआ है। वहीं आने वाले दिनों में मौसम बदलता है, गर्मी से राहत मिलने के साथ बारिश होती है तो पौधों को नई लाइफ लाइन मिलेगी और उनकी लाइफ भी आगे बढ़ेगी। कुल मिलाकर देखना होगा कि 20 जुलाई को हरियाली बढ़ाने वाले पौधारोपण कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नरेट का कौन सा जॉन टॉप रहेगा और कौन-कौन से शीर्ष अधिकारी पौधों के साथ वाली फोटो में नजर आते हैं। हरे पौधे लगाने के बाद कब तक उनकी हरियाली जिंदा रहती है और कौन किस जिम्मेदारी को आगे भी निभाते है। वरना एक दिन का अभियान तक यह हरियाली वाला संदेश सीमित न रह जाए।

# प्लास्टिक मुक्त और जीरो वेस्ट पर आधारित होगा निगम का कांवड़ शिविर

## नगर आयुक्त ने कांवड़ शिविरों में सफाई, पेयजल व्यवस्थाओं का लिया जायजा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जहां कावड़ यात्रियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराई जा रही हैं जिसमें मार्गो को गड्ढा मुक्त करने का कार्य, शिवालयों पर पेयजल की व्यवस्था, मार्गो पर प्रकाश व्यवस्था, कावड़ शिविरों में सफाई व्यवस्था का कार्य कराया जा रहा है इसी के साथ-साथ मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था भी कराई जा रही है इसके अलावा नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार आयोजित शिविरों को भी प्लास्टिक मुक्त तथा जीरो वेस्ट बनाने के लिए आयोजकों से अपील की गई है, इसी क्रम में नगर आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों सहित साई उपवन में आयोजित होने वाले भंडारे की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। भंडारे में स्टील के बर्तन का उपयोग करने के लिए कहा गया है।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम साई ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कावड़ शिविर तथा भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसको पूर्ण रूप से व्यवस्थित करने के साथ-साथ जीरो वेस्ट तथा प्लास्टिक मुक्त बनाया जाएगा, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 6 दिवसीय, 28 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित शिविर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में कांवरिया तथा शिव भक्तों का आना संभावित है, जिनके भोजन की व्यवस्था, स्नान की व्यवस्था, आराम की व्यवस्था गाजियाबाद नगर निगम टीम द्वारा की जाती है जो की सराहनीय है इसी के साथ-साथ नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद नगर निगम कावड़ शिविर में मेडिकल की व्यवस्था को भी बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। शहर वासियों से भी कावड़ के महोत्सव के दौरान जीरो वेस्ट महोत्सव आयोजित करने की अपील की गई है साई उपवन में ट्रस्ट के अध्यक्ष मयूर गिरधर महामंत्री उमेश तथा संरक्षक चोब सिंह को भी भव्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा गया है जिसमें विभागीय अधिकारियों को भी पूर्ण सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं इस मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद डॉक्टर अनुज उद्यान प्रभारी मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी तथा डॉक्टर मिथिलेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से लगी आग, लाखों का भूस हुआ राख

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बिजली विभाग की लापरवाही का खमियाजा किसान को भुगतना पड़ रहा है। हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से गांव के ट्रांसफार्मर में लगी आग के कारण किसान का करीब तीन लाख से भी अधिक का भूस जलकर राख हो गया। किसान मुआवजा राशी व घटना की शिकायत के लिये बिजली विभाग व ग्राम प्रधान के चक्कर काट रहा है।




मामला मुरादनगर के गांव कन्नौज से जुड़ा है। गांव निवासी किसान कृष्ण कुमार पुत्र मंगू सिंह त्यागी ने बताया कि उन्होंने करीब 45 बीघा भूमि का लगभग तीन लाख का भूस स्टाक किया हुआ था। 15 जुलाई को गांव में जा रही विद्युत लाईन का तार टूट गया और गांव में लगें ट्रांसफार्मर में भी आग लग गई। आग की चपेट में आने से स्टाक किया गया लाखों का भूस जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर पंहुचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बिजली के तारों को तो ठीक कर दिया, लेकिन आग से हुये नुकसान की भरपाई करने की बात से इंकार कर दिया। जिससे गरीब किसान अपने भूस की भरपाई के लिये अब विद्युत विभाग व ग्राम प्रधान के घर के चक्कर काट रहा है। किसान कृष्ण का कहना है कि उसकी एक वर्ष की मेहनत की कमाई में आग लग गई। बिजली विभाग किसी तरह की कोई सहायता राशी आदि देने पर विचार नही कर रहा है। जिसके चलते उसके सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। किसान ने मामले की शिकायत आलाधिकारियों से करने की बात कही है। इस सबन्ध में विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नही हो सका।

# डॉ.अतुल जैन ने आयुक्त राज्य कर डॉ. नितिन बंसल से की शिष्टाचार भेंट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन और कोषाध्यक्ष सतीश बंसल ने नवनियुक्त राज्य कर आयुक्त डॉ.नितिन बंसल आईएएस से उनके कार्यालय लखनऊ में एक शिष्टाचार भेंट की, गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की ओर से उनको पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया। बधाई दी और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी । स्वागत के बाद राज्य कर आयुक्त के साथ एक सूक्ष्म बैठक में डॉ.अतुल जैन ने राजस्व बढ़ाने और व्यापारियों और उद्यमियों की असुविधाओं को दूर करते हुए जीएसटी में कुछ सरलीकरण हेतु सुझाव दिए और राज्य कर आयुक्त को अवगत कराया गया कि जिन मामलों में ई इनवॉइस बनाया जाता है उसमें व्यापारी को या उद्यमी को दोबारा से इस माल की बिक्री के संबंध में ई वे बिल बनाने की बाध्यता नहीं होनी चाहिए यह जटिलता समाप्त की जानी चाहिए । एक अन्य समस्या रखते हुए डॉ.अतुल कुमार जैन ने सुझाव दिया कि यदि क्रेता ने एक पंजीकृत डीलर से कोई माल खरीदा है और उस बिक्री को विक्रेता द्वारा मासिक विवरणी में 2 ए में भी वह दशार्या गया है तब इस बिक्री और खरीद के उपरांत यदि विक्रेता अस्तित्व में नहीं पाया जाता या उसकी खरीद बोगस पाई जाती है तो क्रेता को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए और उस पर किसी भी प्रकार की कर भुगतान की जिम्मेदारी नहीं डाली जानी चाहिए । इसके अतिरिक्त अन्य व्यावहारिक पहलुओं पर भी चर्चा हुई और सभी बातों को आयुक्त डॉ.नितिन बंसल आईएएस ने बड़े ही ध्यान से सुना और उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए आश्वस्त किया कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा । डॉ.अतुल कुमार जैन एवं सतीश बंसल ने राज्य कर आयुक्त का सभी बातों को ध्यान से सुनकर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया ।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# बांग्लादेश में हालात बेकाबू : आरक्षण व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन

## तीन छात्रों सहित 6 की मौत 100 से ज्यादा घायल
## भारतीय उच्चायोग ने जारी की एडवाइजरी 'यात्रा करने से बचें'






**ढाका।** बांग्लादेश में फिलहाल माहौल अशांत बना हुआ है। यहां सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, पुलिस भी जवाबी कार्रवाई कर रही है। हालात किस कदर बेकाबू हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में मंगलवार को तीन विद्यार्थियों सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा अन्य लोग घायल हो गए। बिगड़े हालातों को देखते हुए ढाका में भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश में रहे रहे अपने नागरिकों और छात्रों के लिए एक तत्काल एडवाइजरी जारी की। इसमें देश में बढ़ती अशांति के वजह से गैर जरूरी यात्रा से बचने और अपने घरों से बाहर कम से कम निकलने की सलाह दी है। यह सलाह बांग्लादेशी सरकार द्वारा सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों को बंद करने के फैसले और ढाका में छात्रों तथा पुलिस के बीच हाल ही में हुई हिंसक झड़पों को देखते हुए दी गई है।

**भारत सरकार हालातों पर निगरानी बनाए रखे हुए है**

**सरकारी नौकरियों में लागू कोटा प्रणाली में सुधार की मांग :** बता दें, बांग्लादेश के प्रमुख शहरों में छात्र सरकारी नौकरियों में लागू कोटा प्रणाली में सुधार की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि मौजूदा आरक्षण व्यवस्था सरकारी सेवाओं में मेधावी छात्रों के नामांकन को काफी हद तक रोक रही है। ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों ने फर्स्ट और सेकंड क्लास की सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए चल रहे विरोध प्रदर्शन में अग्रणी भूमिका निभाई है। छात्रों की मांग है कि मौजूदा आरक्षण प्रणाली में सुधार करते हुए प्रतिभा के आधार पर सीटें भरी जाएं।

हालांकि, देखा जाए तो छात्र जिस आरक्षण व्यवस्था को खत्म करने की मांग कर रहे हैं वह मौजूदा समय में है ही नहीं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के बच्चों और पौत्र-पौत्रियों के लिए 30 फीसदी आरक्षण लागू करने के हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाई हुई है।

**झड़प के बाद विरोध-प्रदर्शन तेज :** ढाका के विभिन्न स्थानों पर गुरुवार को छात्रों और पुलिस के बीच झड़प के बाद विरोध-प्रदर्शन तेज हो गए। बीआरएसी विश्वविद्यालय के पास मेरुल बड्डा में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को जाम कर दिया और पुलिस से भीड़ गए। इस भड़की हिंसा में कई घायल हो गए। ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार सुबह तक पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े, जिससे इलाके में यातायात बाधित हो गया।

**विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी समेत कई दलों की भी एंट्री हुई**

इसके अलावा, छात्रों ने प्रगति सरनी पर बसुंधरा आवासीय क्षेत्र के प्रवेश द्वार को जाम कर दिया और जतराबाड़ी में ढाका-चटगांव राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। इससे सार्वजनिक परिवहन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मीरपुर 10 गोल चक्कर और आसपास के इलाकों में भी भारी पुलिस बल तैनात है, कई स्थानीय बाजार और दुकानें बंद हैं।

शुरूआत में छात्रों का प्रदर्शन काफी शांतिपूर्ण था, लेकिन बाद में इसमें विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी समेत कई विपक्षी दलों की भी एंट्री हो गई। बाद में विपक्ष के छात्र संगठनों और सत्ता पक्ष के छात्र संगठनों में हुई झड़पों के बाद प्रदर्शन हिंसक होते चले गए। हालांकि सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष पर छात्रों को भड़काने और प्रदर्शन की आड़ में अपने सियासी हित साधने के आरोप लगाए हैं।

भारत सरकार हालातों पर निगरानी बनाए रखे हुए है। बांग्लादेश में सभी नागरिकों को जारी एडवाइजरी का पालन करने को कहा है। साथ ही सहायता के लिए उच्चायोग या सहायक उच्चायोग से संपर्क करने की सलाह दी है।

ढाका में भारतीय उच्चायोग और चटगांव, सिलहट तथा खुलना में भारतीय सहायक उच्चायोगों ने अपने नागरिकों और छात्रों के लिए आपातकालीन नंबर जारी किए हैं।

# भारत के बाहर पहली बार मॉरीशस में खुला जन औषधि केंद्र, मिलेंगी सस्ती दवाएं

## जयशंकर बोले- इस साल की शुरुआत में पीएम मोदी ने किया था वादा

**पोर्ट लुइस।** अब दूसरे देश में भी जन औषधि केंद्र से लोग सस्ती दवाएं ले सकते हैं। दरअसल, मॉरीशस में पहला जन औषधि केंद्र खुला है। यह देश के बाहर खुला पहला जन औषधि केंद्र है। विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने इसका उद्घाटन किया। इस दौरान यहां के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ भी मौजूद रहे।

जयशंकर 16 से 17 जून तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने कहा कि इस औषधि केन्द्र की स्थापना का वादा पीएम मोदी ने इस साल की शुरूआत में किया था, जिसे अब पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत-मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के अंतर्गत भारत में निर्मित और सस्ती दवाओं की आपूर्ति की




जाएगी ताकि जन स्वास्थ्य और लोगों की खुशहाली को बढ़ावा दिया जा सके।

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान साझा किया। कहा- जयशंकर ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ संयुक्त रूप से भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया, जो दोनों देशों के बीच करीबी सहयोग का सबूत है, खासकर स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में।

**मेडिक्लिनिक परियोजना का भी उद्घाटन किया :** इससे पहले विदेश मंत्री डॉक्टर जयशंकर ने मॉरीशस के ग्रैंड बोआ क्षेत्र में भारत की आर्थिक सहायता से बनी मेडिक्लिनिक परियोजना का भी उद्घाटन किया और इसे आपसी मित्रता की नवीनतम अभिव्यक्ति करार दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि मेडिक्लिनिक खुलने से ग्रैंड बोआ क्षेत्र में 16 हजार लोगों को विशेषज्ञ उपचार सेवा मिलेगी। इस पर गर्व महसूस करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य हम सभी के लिए प्राथमिकता का क्षेत्र है और इसके प्रति हम सब जागरूक हैं।

**किफायती आधार पर उपलब्ध होंगी दवाएं :** उन्होंने कहा, 'स्वास्थ्य मंत्री से यह सुनने को मिला कि जन औषधि केंद्र चालू हो गया है और वास्तव में मॉरीशस सरकार हमसे प्रमुख दवाओं की सूची या आपूर्ति मांगेगी, प्रमुख दवाएं जिनका उपयोग आम नागरिक नियमित रूप से करते हैं, जो किफायती आधार पर उपलब्ध होंगी। यह कुछ ऐसा है जिसे मैं स्वास्थ्य के पक्ष में एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि मानता हूं।'

जयशंकर ने कहा कि भारत में नए अस्पताल, नए क्लीनिक, जन औषधि केंद्र, नए मेट्रो और नई सामाजिक आवास परियोजनाएं आ रही हैं तथा भारतीय बच्चों को डिजिटल शिक्षा मिल रही है।

# प्रदर्शनकारियों का गुरुवार को बांग्लादेश बंद का आह्वान, पीएम हसीना ने जताया खेद

**ढाका।** बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ आंदोलन के एक प्रमुख समन्वयक, आसिफ महमूद ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि अस्पतालों और आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे, और केवल एम्बुलेंस सेवाओं को संचालित करने की अनुमति होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, आंदोलन सभी शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों से भाग लेने का आग्रह करता है और अभिभावकों से उनके मुद्दे का समर्थन करने का आह्वान करता है।

मंगलवार को देश भर के प्रमुख शहरों में विरोध प्रदर्शन के दौरान छह लोगों की मौत के एक दिन बाद एक अनिर्धारित राष्ट्रव्यापी संबोधन में उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि हमारे छात्रों को (सर्वोच्च न्यायालय में) न्याय मिलेगा।

वे निराश नहीं होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सार्वजनिक अवकाश वाले मुस्लिम शोक दिवस 'आशूरा' के साथ एक लाइव टीवी प्रसारण में दिखाई दीं और कहा कि छात्रों का विरोध प्रदर्शनों में हताहत होना बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है।

### प्रधानमंत्री शेख हसीना ने जनहानि पर जताया शोक



बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना ने बुधवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में छात्र विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में हुई जनहानि पर गहरा खेद व्यक्त किया और कहा कि एक न्यायिक जांच समिति बनाई जाएगी। पीएम हसीना ने प्रदर्शनकारियों से देश की सर्वोच्च अदालत में विश्वास बनाए रखने को कहा क्योंकि यह मुद्दा उसके पास लंबित है।

### पीएम ने हत्याओं की न्यायिक जांच की घोषणा की

प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हत्याओं की न्यायिक जांच की घोषणा की और कहा, मैं हिंसा में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए जो भी आवश्यक सहायता होगी, वह करूंगी। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं स्पष्ट रूप से घोषणा करती हूं कि हत्या, लूटपाट और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वालों को उचित सजा मिले, चाहे वे कोई भी हों, इसके लिए कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, हसीना ने हिंसा भड़काने के लिए कुछ निहित स्वार्थी तत्वों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि प्रदर्शनकारी छात्र आतंकवादी कृत्यों में शामिल नहीं थे और उनसे आग्रह किया कि वे उपद्रवियों को स्थिति का फायदा उठाने का मौका न दें।

बता दें कि देश में हिंसा के कारण सरकार ने मंगलवार देर रात बांग्लादेश में सभी सार्वजनिक और निजी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ स्कूलों और कॉलेजों को अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया और आवासीय छात्रों से छात्रावास छोड़ने को कहा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मृतकों में से चार छात्र थे और बाकी दो छोटे व्यापारी थे।

प्रधानमंत्री के आह्वान के बावजूद, प्रदर्शनकारियों ने अपने समन्वयक आसिफ महमूद के साथ अपने विरोध प्रदर्शन को जारी रखने की कसम खाई, उन्होंने कहा कि गुरुवार को देश पूरी तरह से बंद रहेगा।



## भारत ने फिर दोहराया अपना रुख, कहा-
# तुरंत हो बंधकों की रिहाई संघर्ष विराम लागू हो

**संयुक्त राष्ट्र/यरुशलम।** हमास और इस्राइल बीते नौ महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर देशभर में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कुछ देश इस्राइल पर लगातार स्थायी युद्धविराम के लिए दबाव डाल रहे हैं। हालांकि, यहां के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। अब एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई का मामला उठा। भारत ने गाजा में तुरंत युद्धविराम और बिना किसी शर्त के बंधकों की रिहाई का आह्वान किया।

आर रवींद्र ने आगे बताया, 'भारत यूएनआरडब्ल्यूए को साल 2018 से 50 लाख डॉलर हर साल योगदान के रूप में दे रहा है। हम पहले ही 25 लाख डॉलर के भुगतान की घोषणा कर चुके हैं। यूएनआरडब्ल्यूए में हमारे वार्षिक योगदान का पहला हिस्सा इस सप्ताह की शुरूआत में 15 जुलाई को भेज दिया गया था।'

**आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा :** उन्होंने कहा, 'भारत उन देशों में से है, जिन्होंने पिछले साल सात अक्तूबर को इस्राइल पर हुए आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा की।

### फलस्तीन की मदद में अग्रणी रहा है भारत



पश्चिम एशिया पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की खुली चर्चा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप प्रतिनिधि आर रवींद्र ने यह भी बताया कि भारत, फलस्तीन के लोगों के लिए एक विश्वसनीय विकास भागीदार रहा है। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न रूपों में भारत ने फलस्तीन की करीब 12 करोड़ डॉलर की विकासात्मक सहायता की है, जिसमें यूएनआरडब्ल्यूए में योगदान के रूप में 3.5 करोड़ डॉलर भी शामिल हैं।

# कमला हैरिस ने ट्रंप पर हुए हमले को बताया कायरतापूर्ण कृत्य

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने चुनावी हिंसा को खारिज करने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी राष्ट्रपति चुनाव में क्या दांव पर है, इसपर भी चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका के लोग इस साल नवंबर में देश के अगले राष्ट्रपति का चयन करेंगे। उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर किए गए हत्या के प्रयास की भी निंदा की।



मिशिगन में बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान कमला हैरिस ने कहा, अमेरिकी लोकतंत्र की पहचान, किसी भी लोकतंत्र की पहचान विचारों, नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण की एक मजबूत प्रतिस्पर्धा है। जिस तरह हमें राजनीतिक हिंसा को स्वीकार नहीं करना चाहिए, वैसे ही हमें इस चुनाव में क्या दांव पर लगा है, इसके बारे में भी मजबूत चर्चा करनी चाहिए।

कमला हैरिस ने ट्रंप पर हुए हमले को भयानक और कायरतापूर्ण बताया। उन्होंने कहा, ₹हम सभी को मालूम है कि यह एक जघन्य, भयानक और कायरतापूर्ण कृत्य है। मैं और मेरे पति आभारी हैं कि वे ठीत हैं, उन्हें ज्यादा चोट नहीं लगी। उस दिन हमने उनकी सलामती के लिए प्रर्थना की। हमारे विचार उनकी पत्नी मेलानिया (ट्रंप) और उनके परिवार की तरफ मुड़ गए। हम उनसे मिल चुके हैं।

# नेपाल भूस्खलन : बह गई दो बसों के छह यात्रियों के शव 19 दिन बाद मिले

## युद्ध स्तर पर चल रहा बचाव और तलाश कार्य


**काठमांडू।** पिछले सप्ताह भूस्खलन से नदी में बह गई दो बस गई थीं। इसमें सवार 54 यात्रियों में से 19 यात्री भारतीय थे। बचावकर्मी अब तक 19 शव बरामद कर पाए हैं, जिनमें से 4 भारतीय हैं। वहीं तीन यात्री घटना के तुरंत बाद तैरकर सुरक्षित निकल आए थे। खोज और बचाव कार्य अभी भी जारी है।



नेपाल में बीते सप्ताह 12 जुलाई को भूस्खलन चितवन जिले में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल क्षेत्र में हुआ। इस दौरान दो यात्री बस भी इसकी चपेट आ कर त्रिशूरी नदी में गिर गईं। एक बस बीरगंज से काठामांडू की ओर जा रही थी। बस में सात भारतीय नागरिकों सहित चौबीस लोग सवार थे। वहीं दूसरी बस काठमांडू से गौर की ओर जा रही थी। इस बस में 30 लोग सवार थे। बसों में सवार 54 में से तीन यात्री सुरक्षित बाहर आ गए थे। वहीं बस में सवार अन्य यात्रियों को खोजने के लिए 500 सुरक्षा और राहतकर्मी लगाए गए थे। सशस्त्र पुलिस बल के अनुसार, 19 शवों में से चार शव भारतीय नागरिकों के हैं।

# पुलिस कार से टक्कर लगने के बाद हुई थी भारतीय छात्रा की मौत

**वाशिंगटन।** इस साल जनवरी में सिएटल में तेज गति से आ रही पुलिस की गश्ती कार की चपेट में आने से भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की मौत हो गई थी। यह मामला उस समय सामने आया था, जब वहां के पुलिस विभाग ने एक फुटेज जारी की, जिसमें अधिकारी डेनियल ऑडरर को इस हादसे को हंसकर टालते हुए देखा गया था। अब इस मामले में नई कार्रवाई की गई है। पुलिस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया है।



जाह्नवी कंडुला को इसी साल 23 जनवरी को सिएटल की एक सड़क पर पुलिस वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना के दौरान पुलिस की कार 119 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी, जिसने सड़क पार कर रही जाह्नवी को जोरदार टक्कर मार दी थी।

# इच्छामृत्यु चाहने वालों के लिए बनी खास मशीन

**ज्यूरिक।** स्विट्जरलैंड में पहली बार इच्छामृत्यु करने वालों के लिए अहम कदम उठाया गया है। लोगों को इच्छामृत्यु के लिए यहां एक पोर्टेबल मशीन बनाई गई है, जहां बिना किसी चिकित्सा पर्यवेक्षण के ही मौत हो सकती है। अंतरिक्ष के तरह दिखने वाले इस कैप्सूल को 2019 में बनाया गया था। इस मशीन में ऑक्सीजन नाइट्रोजन में बदल जाता है, जिसके कार हाइपोक्रेसी से व्यक्ति की मौत हो जाती है। इसे इस्तेमाल करने में केवल 20 डॉलर का खर्च आता है।

लास्ट रिजॉर्ट संगठन ने कहा कि स्विट्जरलैंड में इसके इस्तेमाल पर कोई प्रतिबंध नहीं है, क्योंकि यहां पर कानून इच्छामृत्यु की अनुमति देता है। लास्ट रिजॉर्ट के मुख्य कार्यकारी

**बटन दबाते ही निकल जाएगी जान**



फ्लोरियन विलेट ने कहा, हमारे पास कई ऐसे लोग हैं जो सरको का उपयोग करने के लिए कह रहे हैं। ऐसा बहुत जल्द होगा।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹मैं अनंत निद्रा अवस्था में बिना ऑक्सीजन के हवा में सांस लेने की इससे अधिक सुंदर प्रक्रिया की कल्पना नहीं कर सकता हूं।

**क्या है पूरी प्रक्रिया :** जो व्यक्ति इच्छामृत्यु चाहता है, उसे पहले अपनी मानसिक क्षमता का मनोरोग मूल्यांकन कराना होगा। इसके बाद व्यक्ति को बैगनी कैप्सूल पर चढ़ाकर उसका ढक्कन बंद कर दिया जाएगा। इस दौरान उससे कुछ सवाल भी पूछे जाएंगे, जैसे आप कौन हैं, आप कहां हैं इत्यादि। उनसे यह भी पूछा जाएगा कि क्या आपको मालूम है कि बटन दबाने से क्या होगा? सरको के आविष्कारक फिलिप निट्स्के ने कहा, अगर आप मरना चाहते हैं तो प्रोसेसर से एक आवाज आएगी, यह बटन दबाएं। उन्होंने पूरी प्रक्रिया समझाते हुए कहा कि एक बार जब बटन दब जाएगा, तब प्रोसेसर में ऑक्सीजन का स्तर 20 फीसदी से गिरकर 0.05 फीसदी तक पहुंच जाएगा। ऐसा होने में केवल 30 सेकेंड का समय लगेगा।

**प्रोसेसर में ऑक्सीजन की कमी होने से ही व्यक्ति की हो जाएगी मौत :** प्रोसेसर में ऑक्सीजन का स्तर गिरने से ही अंदर मौजूद व्यक्ति बेहोशी की हालत में आ जाएगा। मृत्यु से पांच मिनट पहले तक वह बेहोशी की ही

# दो साल बाद अमेरिकी राष्ट्रपति एक बार फिर कोविड पॉजिटिव

## आइसोलेशन में रहेंगे बाइडन, चुनाव प्रचार पर भी असर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। लास वेगास में यूनिडोसयूएस सम्मेलन में भाषण से पहले उनका कोविड टेस्ट किया गया, जिसमें वे संक्रमित पाए गए। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने इस बारे में जानकारी दी।



उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को कोविड रोधी टीका लगाया गया है। उनमें हल्के लक्षण दिख रहे हैं। वह डेलावेयर लौट आएंगे। जहां वह आइसोलेट होंगे प्रेस सचिव ने यह भी बताया कि इस दौरान वे अपने सभी कामों को पूरी तरह से निभाते रहेंगे। व्हाइट हाउस राष्ट्रपति की स्थिति पर नियमित अपडेट प्रदान करेगा।

व्हाइट हाउस ने बताया कि बाइडन में कोरोना के हल्के लक्षण दिख रहे हैं। उनकी श्वसन दर 16 पर सामान्य है, उनका तापमान 97.8 है और उनकी पल्स ऑक्सीमेट्री 97% पर सामान्य है। राष्ट्रपति को पैक्सलोविड की पहली खुराक मिल गई है।

# पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी का जन्मदिन मना सेवा दिवस के रूप में



गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी का जन्मदिन हर वर्ष की भांति सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। दिवस की शुरूआत ईश वंदना से हुई। गौ माता की सेवा और जरूरतमंद लोगों की मदद के साथ जन्मदिन शुरू हुआ। समाज के गणमान्य लोगों ने, राजनीति से जुड़ी हस्तियों ने उनके आवास पर पहुंच कर उन्हे जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ की कामना की।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर के खास चेहरे कर रहे हैं आजकल एक बात लगातार? कह रहे हैं जिन चेहरों से ये हमको दूरी बनाने के देते हैं संदेश? उन्हीं चेहरों के गले में डालते हैं ये मोहब्बत का हार? वो ऐसा क्यों करते हैं हमें आज तक समझ नहीं आया साहब? इन्होंने ऐसा करके अपने रिश्ते तो सबसे बेहतर किये हुए हैं और हमारी बंद करा दी है बात?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा डॉक्टर साहब का हमें अंदाज का हमें अंदाज बहुत ही भाता? जिसको जो कहना होता है कह देते हैं? ना मक्खन लगाते हैं ना ही यूज करते हैं बचाव के लिए छाता? हमने देखा उन्होंने बड़े वाले मौर्या जी के खिलाफ एक पोस्ट पर बहुत ही ज्यादा तीखे शब्दों का किया है इस्तेमाल? उनके इन कमेंट पर कई दिलों में मचा हुआ है बवाल? जैसा नाम वैसी दिखाते हैं शब्दों में वीरता? भले ही उनके तीखे शब्दों से कितना ही दिल किसी का हो चीरता?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जैसी हुई कार्यकारिणी के भगवा उम्मीदवारों की घोषणा? वैसे ही हो गई नाराज, नदिया पार की मैडम भारद्वाज? सुना है घोषणा होते ही इन्होंने भी कर दिया है चुनाव लड़ने का ऐलान? देखना अब ये है इस ऐलान पर क्या असर डालेगा कमांडर का अगला प्लान? हमें पता चला है मैडम को चुभी है कोई बात? पता चला है कि इनसे किसी ने कहा है कि अभी कार्य समिति में जाने वाला जज्बा नहीं आपके पास?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि 100 नंबरी मैम्बर अपनी ऊंची ऐलान वाली आवाज से रखते हैं मजबूत पहचान? जब भी उठाते हैं ये कोई मुद्दा? तो हर कोई हो जाता है हैरान? सुना है इन्होंने कार्यकारिणी में लिए गये न्यू कमर्स को लेकर भी प्रकट की है राय? कहा है सभी नए चेहरे ले लिये, ना जाने क्यों कर दी पुराने चेहरों को बाय-बाय? क्या इसलिए भी निकली है ये आवाज, मैम्बर साहब खुद कार्यकारिणी में नहीं जा पाये?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब किया किसी ने मैम्बर धीरज से कार्यकारिणी में नहीं जाने पर सवाल? कहा ना आपका, ना भगवान जी का रखा गया ख्याल? भगवान जी के तो हैं हैवीवेट वाले साथ? फिर भी क्यों नहीं बनी उनकी बात? इस पर धीरज रखते हुए मैम्बर ने कहा? यहां पर आप करो बस मेरी ही बात? भगवान जी के पास सुनील जी हैं, मेरे पास हैं नाम राशि वाले बंसल? भले ही आज तुम्हें नजर ना आ रहे हों, मगर जीडीए बोर्ड में जरूर दिखाई देंगे हम आपको कल?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि ना खुदा मिला ना विसाल ए सनम? ना इधर के रहे ना उधर के हम? ये मिसाल घट गई नदिया पार के हिमांशु भैया के साथ? सपने वो उपाध्यक्ष बनने के देख रहे थे? कार्यकारिणी की सदस्यता भी नहीं आई उनके हाथ? हमें पता चला है सदस्यों के नामों की घोषणा होने से एक दिन पहले वो गये थे भगवा कमांडर के घर पर अपनी अरदास? उपाध्यक्ष बनने की चाहत पेश की थी? मगर यहां तो हो गया पूरा ही पत्ता साफ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले राणा जी के दिल में जाग गये हैं शहर सीट से विधायक बनने के अरमान? हमें पता चला है कि हैवीवेट वालों ने एक मुलाकात में रखा है उनका पूरा ध्यान? किया है उन्हें पूरी तरह से आश्वस्त? कहा है ठाकुर कोटे के तीन वाले पैनल में अगर मुझसे पूछा गया तो मैं जरूर भेजूंगा आपका नाम? सुना है ऐसा सुनकर राणा जी के मन में बढ़ गया है हैवीवेट वालों को लेकर इस वक्त बहुत ज्यादा सम्मान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से डला है साईकिल से भगवा हुए मिस्टर पराशर पर मैडम का प्रेशर? तब से उन्हें आने लगी हैं संगठन वालों की याद? हमने देखा मैडम कोई बड़ी कार्यवाही ना करा दें? उससे निपटने के लिए वो गये थे भगवा कमांडर के पास? सुना है मैडम ने पराशर जी के खिलाफ की है काफी लंबी चौड़ी कम्पलेंट तैयार? अब मामला बिरादरी वाले कमांडर के हाथ में है, देखना अब ये है क्या बड़ी देर से इस दर पर पहुंचने वाले पराशर जी का हो पायेगा बेड़ा पार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस वक्त पराशर जी को लेकर बहुत ज्यादा बढ़ा हुआ है शीतलता सी पहचान रखने वाली भगवा मैडम का ताप? स्टोरी में है छज्जे का ट्विस्ट, जिसे जान लो आप? सुना है मैडम के नशे मन पर गिराई है उन्होंने ही बिजलियां? जिनके लिए वो लगा रही थी पार्टी वालों से भगवा कमिश्नर बनाने की अरदास? सुना है मामला अब पूरी तरह से आऊट ऑफ कंट्रोल हो चुका है? ना जाने कैसे बुझेगी अब ये आग?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर की तो पता नहीं? मगर भगवा पराशर के साथ पूरी शिद्दत से खड़े हैं नवयुग वाले राजीव भैया? उन्होंने भगवा कमांडर को भी दे दिया है संदेश कि कुछ भी हो जाये हम नहीं डूबने देंगे अपने भाई की नैया? हम पूरी शिद्दत से निभायेंगे भाई का साथ? हमारे दिल में है शुरू से ही पराशर जी को लेकर जगह बहुत ही खास?


नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Ajay Sharma
6 h ·

22 वर्षों का शानदार सफ़र..

श्रीमती जी को शादी की वर्षगाँठ की बहुत-बहुत बधाई एवम् शुभकामनाएँ ।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये दिन भी कुछ खास और ये तारीख भी कुछ स्पेशल है अजय शर्मा के लिए। 22 साल बेमिसाल सदाबहार शानदार सफर बताते हुए अजय शर्मा ने अपनी हमसफर अपनी जीवन साथी को मैरिज एनिवर्सरी की शुभकामनाएं दीं। ये अंदाज ये खुशनुमा मुस्कान बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।